रविवार, 22 जून 2025

मौसम



तापमान 27 – 32
आर्द्रता 90%
सूर्योदय: 4:53 सूर्यास्त: 18:24

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ कृष्णपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

**सुविचार : इस दुनिया में अच्छे सभी होते हैं बस पहचान बुरे वक्त में होती है.!!**



सर्वाधिक टेस्ट शतक जड़ने वाले भारतीय विकेटकीपर बने पंत, धोनी को पछाड़ा -पृष्ठ 8

# धरती से लेकर समुद्र तक योगमय हुई दुनिया

## देशभर में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

### ■ 191 देशों में 8 लाख से अधिक स्थानों पर योग का आयोजन हुआ

**नयी दिल्ली :** देश ही नहीं दुनियाभर में शनिवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इसे लेकर लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में समुद्र तट पर लोगों के साथ योग किया। इससे पहले पीएम मोदी ने यहां योग दिवस कार्यक्रम को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने दुनिया को योग की अहमियत के बारे में समझाया। योग दिवस के मौके पर सरकार की तरफ से 10 कार्यक्रमों का ऐलान किया गया है, जिससे लोगों तक आसानी से पहुंचा जा सके। विशाखापट्टनम में आरके बीच से भोगापुरम तक 26 किलोमीटर के क्षेत्र में व्यापक व्यवस्था की गई है। मुख्य कार्यक्रम सुबह 6:30 बजे से शुरू हुआ, जो 'योग संगम' पहल के तहत देश भर में 10 लाख से अधिक स्थानों के साथ समन्वय करेगा। वैश्विक स्तर पर योग अब एक जन आंदोलन बन चुका है।

## दुनिया तनाव से गुजर रही है, योग से हमें शांति की दिशा मिलती है: प्रधानमंत्री मोदी

**विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है, कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है और ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन मानवता के लिए उस प्राचीन प्रथा की शुरुआत का प्रतीक है जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन गई है। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के विशाल योग दिवस समारोह ने रिकॉर्ड बनाया है। राज्य सरकार ने बताया कि इस दौरान 23 नयी उपलब्धियां हासिल की गईं। मोदी ने कहा, ''दुर्भाग्य से आज पूरी दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है। कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है। ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। योग एक 'पॉज बटन'



है जिसकी मानवता को आवश्यकता है, जिससे कि वे खुलकर सांस ले सकें, जीवन में संतुलन बना सकें तथा पुनः संपूर्ण बन सकें।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''मेरा दुनिया से अनुरोध है कि आइए, इस योग दिवस को मानवता के लिए योग के दूसरे संस्करण की शुरुआत का प्रतीक बनाएं जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन जाए।'' मोदी ने कहा कि योग का सीधा-साधा अर्थ होता है ''जुड़ना'' और ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरे विश्व को जोड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि योग सभी का है और सभी के लिए है। यह सीमाओं, पृष्ठभूमि, उम्र या क्षमता से बंधा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'' है, जो एक गहरी सच्चाई को दर्शाता है कि धरती पर प्रत्येक इकाई का स्वास्थ्य परस्पर जुड़ा हुआ है। मोदी ने गर्व जताते हुए कहा कि कैसे दिव्यांग लोग ब्रेल लिपि में योग शास्त्र पढ़ते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वैज्ञानिक भी अंतरिक्ष में योग करते हैं।

## डीजीसीए ने एयर इंडिया के तीन अधिकारियों को हटाने का निर्देश दिया

**मुंबई :** विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने एयर इंडिया से गंभीर चूक के कारण उसके एक डिवीजनल उपाध्यक्ष सहित तीन अधिकारियों को चालक दल कार्य दायित्व से संबंधित सभी भूमिकाओं से हटाने का आदेश दिया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 20 जून को अपने आदेश में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन से इन अधिकारियों के खिलाफ बिना देरी किए आंतरिक अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने को भी कहा। डीजीसीए के आदेश के अनुसार, तीन अधिकारियों में एयरलाइन के एक डिवीजनल उपाध्यक्ष भी शामिल हैं। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि उसने नियामक के निर्देश को स्वीकार कर लिया है और आदेश को लागू कर दिया है। एयरलाइन ने शनिवार को कहा, 'कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी एकीकृत परिचालन नियंत्रण केंद्र (आईओसीसी) की सीधी निगरानी करेंगे। एयर इंडिया यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक प्रथाओं का पूरी तरह से पालन हो।'




# इजराइल ने ईरान के परमाणु अनुसंधान केन्द्र पर हमला किया

### ■ अमेरिका ने बी2 बॉम्बर्स रवाना किए

### जंग के बीच ईरानी राष्ट्रपति बोले- न्यूक्लियर प्रोग्राम हमारा हक : युद्ध की धमकी देकर डरा नहीं सकते

**तेल अवीव :** इजराइल की सेना ने शनिवार को कहा कि उसने बीती रात ईरान की परमाणु अनुसंधान सुविधा पर हमला किया और निशाना बनाकर किए गए हमलों में तीन वरिष्ठ ईरानी कमांडरों की मौत हो गई। उसने इस बात पर भी जोर दिया कि वह इस संभावना को मानकर तैयारी कर रहा है कि युद्ध एक लंबे अभियान में बदल सकता है। दोनों देशों के बीच युद्ध दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर गया है। शनिवार सुबह इस्फहान में एक पर्वत के निकट इलाके से धुआं उठता दिखाई दिया, जहां एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि इजराइल ने दो बार परमाणु अनुसंधान सुविधा पर हमला किया। इजराइली सेना के एक अधिकारी के अनुसार निशाने पर दो सेंट्रिफ्यूज उत्पादन स्थल थे। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को तहस-नहस करने के इजराइल के लक्ष्य के तहत 24 घंटे में इस्फहान में हुआ यह दूसरा हमला था। इस्फहान प्रांत के सुरक्षा मामलों के डिप्टी गवर्नर अकबर सालेही ने पुष्टि की कि इजराइली हमलों में सुविधा को नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। ईरान ने एक बार फिर इजराइल पर ड्रोन और मिसाइल दागे, लेकिन तत्काल कोई महत्वपूर्ण नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। इजराइल की डेविड एडोम बचाव सेवा ने शनिवार को कहा कि उत्तरी इजराइल में दो मंजिला इमारत पर एक ईरानी ड्रोन गिरा, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। बाद में, इजराइली सेना के मुख्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने कहा कि चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल इयाल जमीर ने सेना को ईरान के परमाणु स्थलों, संवर्धन सुविधाओं और मिसाइल बुनियादी ढांचे सहित अपने लक्ष्यों को नष्ट करने के मद्देनजर ''लंबे अभियान'' के लिए तैयार रहने को कहा है। इस बीच, दोनों देशों के दरमियान तनाव कम करने के उद्देश्य से स्विटजरलैंड के जेनेवा में घंटों चली कूटनीतिक वार्ता बेनतीजा रही। यूरोपीय अधिकारियों ने भविष्य में वार्ता की आशा व्यक्त की जबकि ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि वह आगे भी वार्ता के लिए तैयार हैं।

## यौन उत्पीड़न पीड़िता को अनचाहे गर्भ के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता: उच्च न्यायालय

**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने कहा है कि यौन उत्पीड़न की शिकार किसी लड़की को उसके अनचाहे गर्भ को जारी रखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। इस टिप्पणी के साथ न्यायालय ने चिकित्सा विशेषज्ञों की प्रतिकूल रिपोर्ट के बावजूद 28 सप्ताह की गर्भवती 12 वर्षीय लड़की को गर्भपात की अनुमति दे दी। न्यायालय ने कहा कि यदि पीड़िता को उसकी इच्छा के विरुद्ध बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर किया जाता है तो अदालत उसे ''अपने जीवन का मार्ग'' तय करने के अधिकार से वंचित कर देगी। जांच के बाद एक मेडिकल बोर्ड ने राय दी थी कि लड़की की उम्र और भ्रूण के विकास के चरण को देखते हुए, गर्भपात की प्रक्रिया अत्यधिक जोखिम भरी होगी। हालांकि, न्यायमूर्ति नितिन साम्ब्रे और न्यायमूर्ति सचिन देशमुख की पीठ ने 17 जून के अपने आदेश में कहा कि गर्भपात की अनुमति देनी होगी। पीठ ने कहा, ''यह अदालत पीड़िता को उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भ को जारी रखने के लिए मजबूर नहीं कर सकती, क्योंकि ऐसी स्थिति में पीड़िता से उसके जीवन के तात्कालिक और दीर्घकालिक मार्ग तय करने के अधिकार को छीना जा रहा है।'' लड़की का उसके एक करीबी रिश्तेदार ने यौन उत्पीड़न किया था। लड़की के पिता ने यौन उत्पीड़न के परिणामस्वरूप उसकी गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया। अदालत ने गर्भपात की अनुमति देते हुए कहा कि प्रक्रिया के दौरान सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा ताकि कोई जटिलता उत्पन्न न हो। गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम के तहत 20 सप्ताह के बाद गर्भपात निषिद्ध है, जब तक कि न्यायालय इसकी अनुमति न दे।

## ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से अब तक 827 भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाया गया : विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत अब तक 827 भारतीय नागरिकों को ईरान से स्वदेश लाया गया है। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में निकासी अभियान के बारे में जानकारी साझा की।



इजराइल-ईरान संघर्ष तेज होने के कारण तेहरान से सुरक्षित निकाले गए और भी भारतीय नागरिक शुक्रवार देर शाम तथा शनिवार तड़के दिल्ली पहुंचे। इनमें छात्र भी शामिल हैं। भारत ने बुधवार को ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए 'ऑपरेशन सिंधु' शुरू करने की घोषणा की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर लिखा, ऑपरेशन सिंधु के तहत उड़ान भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाई है। भारत ने विशेष विमान के जरिये छात्रों और तीर्थयात्रियों समेत 290 भारतीय नागरिकों को ईरान से सुरक्षित लाया है। यह विमान 20 जून को रात साढ़े 11 बजे नयी दिल्ली पहुंचा और सचिव (सीपीवी और ओआईए) अरुण चटर्जी ने स्वदेश आये लोगों का स्वागत किया। उन्होंने कहा, ''भारत सरकार निकासी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए ईरान सरकार की आभारी है।''

## चेन्नई जा रही इंडिगो की फ्लाइट के पायलट ने 'फ्यूल मे-डे' संदेश भेजा

### बंगलूरू में कराई गई आपात लैंडिंग

**बेंगलुरु :** गुवाहाटी से चेन्नई जा रही इंडिगो की फ्लाइट को गुरुवार रात बेंगलुरु एयरपोर्ट पर इमरजेंसीं लैंडिंग करनी पड़ी। पायलट ने फ्यूल मेडे कॉल किया था क्योंकि विमान में फ्यूल कम था। ये जानकारी अब सामने आई है। इंडिगो फ्लाइट ने शाम 4:40 बजे गुवाहाटी से उड़ान भरी थी और करीब 7:45 बजे चेन्नई एयरपोर्ट पर लैंड करने की कोशिश की। चेन्नई एयरपोर्ट पर भारी ट्रैफिक के कारण विमान को समय पर लैंडिंग की अनुमति नहीं मिल सकी। इसके चलते फ्लाइट ने चेन्नई के आसमान में कई चक्कर लगाए। इससे फ्यूल की कमी हो गई।

**विमान में सवार पैसेंजर्स की सांसे अटकी**

एक यात्री ने बताया कि अचानक विमान ने तेजी से ऊपर चढ़ना शुरू किया, जिससे कई यात्री डर गए और कुछ लोग सीट छोड़कर खड़े हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक, जब फ्लाइट बेंगलुरु एयरपोर्ट से लगभग 35 मील दूर थी, तो पायलट ने 'मेडे' कॉल दी, जिसमें उन्होंने ईंधन की गंभीर कमी की जानकारी दी। एयरपोर्ट और एयर ट्रैफिक कंट्रोल से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पायलट ने चेन्नई में दोबारा लैंडिंग की कोशिश नहीं की। इसके बजाय उन्होंने फ्लाइट को बेंगलुरु की ओर मोड़ दिया, जहां इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई।






## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 22 जून, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ कृष्णपक्ष द्वादशी, 25:21 तक, नक्षत्र : भरणी, 17:36 तक, योग : सुकर्माण, 16:53 तक, सूर्योदय: 4:53, सूर्यास्त: 18:24, चन्द्रोदय : 01:33, चन्द्रास्त: 15:13, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 16:39 से 18:20

## साप्ताहिक : राशिफल
## 22-06-25 से 28-06-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा। अनवाश्यक चिंता एवं मानसिक तनाव के कारण जातक दबाव महसूस कर सकता है। अधिक खर्च के कारण परेशानियाँ बढ़ सकती है। ज्यादा सुख-सुविधा पर खर्च करने से बचे नही तो आर्थिक दबाव बढ़ सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर मानसिक उलझन का सामना जातक को करना पड़ सकता है। व्यापार आदि की दृष्टि से भी सप्ताह अनुकूल नही है इसलिए पूंजी निवेश करने से बचे यदि चुनौतियाँ अधिक महसूस हो तो सोमवार को सफेद वस्तुओं का दान करे।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय अनुकूल रहेगा। भाग-दौड़ का परिणाम जातक को मिल सकता है। घूमने-फिरने का अवसर जातक को मिल सकता है। देश-विदेश की यात्रा का भी योग बन सकता है। प्रेम संबंध में प्रगाढ़ता आ सकती है। एक-दूसरे का विश्वास जीतने में जातक सफल हो सकता है। अच्छे मकान एवं वाहन का सुख जातक को मिल सकता है। घर में कोई मंगलिक कार्य संपन्न हो सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह अनुकूल है।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। एक तरफ जहाँ तर्क-वितर्क के कारण जातक तनाव महसूस कर सकता है। वही दूसरी तरफ अपनी सूझ-बूझ एवं दूर-दृष्टि से कोई महत्वपूर्ण कार्य करने में जातक को सफलता मिल सकती है। आर्थिक दृष्टि से भी सप्ताह बहुत अनुकूल है। बड़े आय के साधन विकसित हो सकती है। जिससे जातक की आर्थिक स्थितियाँ पटरी पर आ सकती है। छात्रों के लिए भी समय अनुकूल है। पढ़ाई-लिखाई में भी जातक का मन लग सकता है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय मिला-जुला रहेगा। सप्ताह के प्रांरभ में स्थितियाँ अनुकूल हो सकती है। जातक अपने कई महत्वपूर्ण कार्यों को विस्तार देने में सफल हो सकता है। निरंतर सक्रियता बनी रहने के बाद भी चुनौतियाँ बनी रह सकती है। सप्ताह के मध्य के बाद कार्यों में उतार-चढ़ाव की स्थितियाँ बन सकती है जिससे चुनौतियाँ बन सकती है। इस सप्ताह कोई भी कार्य करने से पहले उसकी पूरी जानकारी ले ले तभी उस कार्य को करने का सोचे, नही को हानि का सामना करना पड़ सकता है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। मंगल के कारण जातक थोड़ा उत्साहित बना रह सकता है। कभी-कभी जोखिम वाले कार्य करने का भी प्रयास कर सकता है। सरकारी सेवा में लगे जातकों के लिए समय अनुकूल है। किसी बड़े पद प्रमोशन या किसी महत्वपूर्ण स्थान पर जातक का स्थानान्तरण हो सकता है। सेना, पुलिस एवं न्यायालय से जूड़े जातक को लिए समय अनुकूल है। इस बीच जातक के कई कार्य संपन्न हो सकते है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह अनुकूल है। स्वास्थ्य पर ध्यान बनाये रखे।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेंगा। जातक अपनी बात-चीत की कला एवं दूर-दृष्टि से कार्यों को नई उचाई देने में सफल हो सकता है। छात्रों के लिए भी समय अनुकूल है। पढ़ाई-लिखाई में मन लग सकता है। किसी महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षा में जातक को सफलता मिल सकती है। व्यापार आदि की दृष्टि से भी सप्ताह अनुकूल है। आयात-निर्यात में लगे जातक बड़ा लाभ पाने में सफल हो सकते है। पूंजी निवेश करने पर बड़े लाभ की स्थिति बन सकती है। गणेश जी की पूजा से स्थितियाँ अधिक अनुकूल हो सकती है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आ सकती है। एक-दूसरे के प्रति लगाव बढ़ सकता है। घरेलू सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है। घर में कोई मंगलिक कार्य संपन्न हो सकता है। अच्छे मकान एवं वाहन का सुख जातक को मिल सकता है। देश-विदेश की यात्रा का सुख जातक को मिल सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से सप्ताह उत्तम है। पूंजी निवेश करने पर बड़े लाभ की स्थिति बन सकती है। किसी देवी की पूजा करने से स्थितायँ अधिक अनुकूल हो सकती है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। जातक का महत्व बढ़ सकता है। जातक अपने परिश्रम एवं दूर-दृष्टि से जीवन का कोई महत्वपूर्ण कार्य संपन्न करने में सफल हो सकता है। इस सप्ताह साहस और ऊर्जा में वृद्धि हो सकती है। जातक किसी बड़े लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में अधिक सक्रिय हो सकता है। खिलांड़ियों के लिए समय अनुकूल है। किसी महत्वपूर्ण खेल-प्रतिस्पर्धा में जातक को बड़ी विजय मिल सकती है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग अनुकूल रहेगा। जहां सूर्य, गुरू के कारण जातक के कई महत्वपूर्ण कार्य पटरी पर आ सकते है। वही बुध के प्रभाव के कारण चुनौतियाँ भी बनी रह सकती है। जातक इस सप्ताह अनावश्यक तर्क-वितर्क से बचे नही तो किसी बात को लेकर जातक चुनौती महसूस कर सकता है। छात्रों के लिए भी समय अनुकूल है। पढ़ाई-लिखाई में मन लग सकता है लेकिन अन्य तरह की चुनौतियाँ बनी रह सकती है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह अनुकूल है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा मिला-जुला रहेगा आर्थिक दृष्टि से सप्ताह अनुकूल है। व्यापार आदि में थोड़ा संर्घष के बाद जातक अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में सफल हो सकता है। इस सप्ताह जातक यदि सक्रिय बना रहेगा तो कई अधूरे कार्यो को पूरा करने में सफल हो सकता है। छात्रों के लिए भी यह सप्ताह मिला-जुला रहेगा कभी पढ़ाई में मन लग सकता है तो कभी मन कम लग सकता है। ठेकेदारी में लगे जातकों को अधिक परिश्रम के बाद की सफलता मिल सकती है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा। जातक के कार्यों में थोड़ी परेशानी आ सकती है। शनि की उतरती शाढ़े-शाती के कारण आर्थित स्थितियाँ पटरी पर आ सकती है लेकिन इसी राशि में राहु के होने के कारण कार्य-योजनाओं में परेशानियाँ एवं चुनौतियाँ थोड़ी बनी रह सकती है जिससे जातक तनाव महसूस कर सकता है। वाहन आदि सावधानिपूर्वक चलाएं, नहीं तो चोट-चपेट लगने का योग भी बन सकता है। व्यापार आदि में चुनौतियाँ बनी रह सकती है इसलिए सावधानी से पूंजी निवेश करें।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय चुनौतीपूर्ण रहेगा अनावश्यक भाग-दौड़ एवं खर्च की अधिकता के कारण जातक तनाव या दबाव महसूस कर सकता है। इस सप्ताह स्वास्थ्य पर भी ध्यान बनाये रखें। हड्डी एवं मांसपेशियों जैसी परेशानियाँ जातक पर दबाव या तनाव बन सकती है। इस सप्ताह किसी भी तरह के जोखिम से बचे नही तो विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। छात्रों के लिए समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण बना रह सकता है यदि चुनौतियाँ अधिक महसूस हो तो शनिवार को काली वस्तुंओं का दान करने से राहत मिल सकती है।

# योग दिवस पर गुजरात में अमित शाह और मुख्यमंत्री पटेल ने योगाभ्यास किया



**अहमदाबाद :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शनिवार को विभिन्न स्थलों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। अमित शाह ने अहमदाबाद शहर के प्रह्लादनगर गार्डन में नागरिकों के साथ योग किया, वहीं मुख्यमंत्री पटेल ने मेहसाणा जिले के वडनगर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में भाग लिया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि मुख्यमंत्री वडनगर में शर्मिष्ठा झील परिसर में राज्य स्तरीय समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि वडनगर के कार्यक्रम में 2,000 से अधिक लोगों ने 'भुजंगासन' करके विश्व रिकॉर्ड बनाया।

## योग भारत की सौम्य शक्ति और संपूर्ण मानव जाति की साझा विरासत का शानदार उदाहरण है: राष्ट्रपति मुर्मू



**देहरादून :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को योग को भारत की सौम्य शक्ति का एक शानदार उदाहरण बताया और कहा कि योग अब पूरी मानव जाति की साझा विरासत बन गया है। योग दिवस के अवसर पर यहां पुलिस लाइन में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जब से संयुक्त राष्ट्र ने 2015 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) के रूप में मनाने के भारत के प्रस्ताव को अपनाया है, तब से दुनिया भर के अधिकतर देशों ने योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना लिया है और इससे लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, ''यह अब पूरी मानव जाति की साझा विरासत बन गया है।''

## 2029 में अपनी भूमिका के बारे में पूछे जाने पर गडकरी ने कहा: फिल्म अभी बाकी है



**नागपुर :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को 2029 (के आम चुनाव) में उनकी भूमिका के बारे में पूछे जाने पर दावा किया कि पिछले 11 वर्षों में जो कुछ देखा गया वह सिर्फ एक ''न्यूज रील'' थी और ''असली फिल्म'' अभी आनी बाकी है। हालांकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष गडकरी ने यह भी कहा कि पार्टी ही अपने कार्यकर्ताओं के लिए जिम्मेदारियां तय करती है और भाजपा उनके लिए जो भी जिम्मेदारी तय करेगी, वह उसे निभायेंगे। उन्होंने नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर उदय निरगुडकर को दिए साक्षात्कार में कहा, ''अभी तक जो हुआ है वो तो न्यूज रील थी। असली फिल्म शुरू होना बाकी है।'' गडकरी ने कहा, ''किसी कार्यकर्ता की क्या जिम्मेदारी होगी और वह क्या काम करेगा, यह पार्टी तय करती है। मुझे जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी, मैं उसे पूरा करूंगा।'' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने कभी अपना राजनीतिक बायोडेटा प्रकाशित नहीं किया है और न ही उन्होंने कभी समर्थकों से हवाईअड्डों पर उनके लिए भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा है। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उनकी व्यक्तिगत इच्छा विदर्भ में किसानों की आत्महत्या रोकने की दिशा में काम करना है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कहा, ''आजकल मैं सड़क निर्माण के बजाय कृषि और अन्य सामाजिक पहलों पर अधिक काम करता हूं।''

## एयर इंडिया ने दुर्घटना पीड़ितों को 25-25 लाख रुपये का अंतरिम मुआवजा जारी करना शुरू किया

**मुंबई :** एयर इंडिया ने शनिवार को कहा कि उसने 12 जून को हुए विमान हादसे में मृतकों के परिवारों और घायलों को 25-25 लाख रुपये का अंतरिम मुआवजा जारी करना शुरू कर दिया है। एयरलाइन ने कहा कि प्रभावित परिवारों या व्यक्तियों को मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करने के लिए अहमदाबाद में प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिकों और डॉक्टरों की एक टीम तैनात की गई है। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि नर्सों और फार्मासिस्ट सहित चिकित्सा कर्मियों की टीम को मौजूदा या उभरती स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैनात किया गया है।

## डीजीसीए ने 2024 से एयर इंडिया के निरीक्षणों, लेखा परीक्षा का ब्योरा मांगा: सूत्र

**मुंबई :** विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने उड़ान संचालन निरीक्षकों से 2024 से एयर इंडिया के लिए किए गए सभी निरीक्षणों और लेखा परीक्षा का ब्योरा देने को कहा है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निरीक्षणों और लेखा परीक्षा के निष्कर्षों का ब्योरा रविवार तक जमा करना होगा। सूत्रों ने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजी-सीए) ने ई-मेल के जरिए भेजे गए संदेश में 2024 और 2025 (आज तक) के लिए ये विवरण मांगे हैं। नियामक ने इससे एक दिन पहले एयरलाइन को उड़ान कार्य समय सीमा (एफडीटीएल) के उल्लंघन के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था और कुछ खामियों के लिए एयरलाइन के तीन वरिष्ठ अधिकारियों को उनके पदों से हटाने का आदेश दिया था।

## प्रियंक खरगे ने अमेरिकी यात्रा की मंजूरी को लेकर विदेश मंत्रालय के 'यू-टर्न' पर सवाल उठाए

**बेंगलुरु :** कर्नाटक के इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रियंक खरगे ने शनिवार को विदेश मंत्रालय की आलोचना करते हुए कहा कि उसने बिना कोई स्पष्टीकरण दिए उन्हें अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के लिए मंजूरी देने से इनकार कर दिया, लेकिन बाद में इस निर्णय को वापस ले लिया। मंत्री ने इसे विलंब से लिया गया ''यू-टर्न'' बताया। प्रियंक ने आरोप लगाया कि उनके आवेदन को शुरू में बिना किसी आधिकारिक स्पष्टीकरण के अस्वीकार कर दिया गया था। उन्होंने जानना चाहा कि पहले ही मंजूरी क्यों नहीं दी गई और क्या मामला सार्वजनिक होने के बाद जवाबदेही से बचने के लिए ही निर्णय को वापस लिया गया। प्रियंक ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में सवाल किया, ''प्रमुख कार्यक्रम समाप्त हो जाने या लगभग पूरे होने के बाद मंजूरी देने का क्या मतलब है?'' मंत्री ने कहा कि उन्होंने 14-27 जून के बीच दो प्रमुख वैश्विक मंचों पर कर्नाटक सरकार का प्रतिनिधित्व करने तथा निवेश के लिए शीर्ष कंपनियों, विश्वविद्यालयों और संस्थानों के साथ 25 से अधिक आधिकारिक बैठकों में भाग लेने के लिए 15 मई को अमेरिका की यात्रा की अनुमति मांगी थी।

## अरुणाचल प्रदेश में 210 किलोग्राम गांजा जब्त, तस्करी नेटवर्क के तीन सदस्य गिरफ्तार



**ईटानगर :** अरुणाचल प्रदेश के पूर्व कामेंग जिले में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई के तहत 210 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया है और तस्करी में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पूर्व कामेंग के पुलिस अधीक्षक कामदाम सिकॉम ने बताया कि यह अभियान 15 जून को शुरू हुआ, जब सेप्पा के ट्रांसपोर्ट कॉलोनी निवासी पासांग डोका को 5.01 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि यह जब्ती सेप्पा के कार्यपालक दंडाधिकारी और अतिरिक्त सहायक आयुक्त ताशी थोंगडोक की उपस्थिति में घर की तलाशी के दौरान की गई। इस दौरान स्वतंत्र गवाह भी मौजूद थे। सेप्पा थाना में स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान डोका ने बताया कि यह मादक पदार्थ उसे पश्चिम कामेंग जिले के कालाकटांग क्षेत्र के निवासी त्सेरिंग फुंतसो से मिला था। इस सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मुख्यालय के उप अधीक्षक मिबोम यिरांग के नेतृत्व में एक टीम ने 18 जून को कालाकटांग में छापेमारी की।

## पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने मनाया 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**मालीगांव, समाज्ञा :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने शनिवार को एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। मुख्यालय, सभी मंडलों और कारखानों में योग सत्र आयोजित किए गए, जिसमें रेलकर्मियों और उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्यालय मालीगांव के रेलवे इनडोर स्टेडियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में महाप्रबंधक श्री चेतन कुमार श्रीवास्तव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। एनएफआर (निर्माण) कार्यालय में भी महाप्रबंधक श्री अरुण कुमार चौधरी की अगुवाई में योग दिवस मनाया गया। एनएफआर के सभी पांच मंडलों में हुए कार्यक्रमों ने कर्मचारी कल्याण और समग्र स्वास्थ्य के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाया। सोशल मीडिया के माध्यम से योग के लाभों को आमजन तक पहुंचाने का प्रयास भी किया गया। योग दिवस के अवसर पर 21 जून की तिथि का विशेष महत्व है, क्योंकि यह उत्तरी गोलार्ध का सबसे लंबा दिन होता है, जो शरीर, मन और प्रकृति के बीच समन्वय का प्रतीक है।

## करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में वांछित भगोड़े को यूएई से वापस लाया गया



**नयी दिल्ली :** गुजरात पुलिस द्वारा 3.66 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में वांछित एक भगोड़े को इंटरपोल के जरिये सीबीआई समन्वित एक अभियान में संयुक्त अरब अमीरात से वापस लाया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। रियल एस्टेट एजेंट उपवन पवन जैन फर्जी पहचान का इस्तेमाल कर धोखा देने, धोखे से संपत्ति हड़पने, मूल्यवान दस्तावेजों की जालसाजी करने और आपराधिक साजिश रचने के आरोप में वांछित था। उसने एक संभावित खरीदार से 3.66 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी और उसके खिलाफ इंटरपोल का रेड नोटिस भी जारी किया गया था। जैन ने कथित तौर पर खरीदार को चार अलग-अलग संपत्तियां दिखाई थीं। उसने अपने साथी को 'डमी' (नकली) संपत्ति मालिक के तौर पर पेश किया, जाली दस्तावेज बनाए और उस व्यक्ति के नाम पर बैंक खाते खोले, ताकि कथित बिक्री से मिले पैसे को हड़प सके।

## देशभर में एएसआई के 81 स्मारकों पर योग सत्र आयोजित, केंद्रीय मंत्री भी समारोह में शामिल हुए



**नयी दिल्ली :** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गुजरात में अडालज की वाव, ओडिशा में कोणार्क सूर्य मंदिर और दिल्ली में जंतर मंतर सहित देश भर के 81 ऐतिहासिक स्मारकों पर योग सत्र आयोजित किये। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राजस्थान के जोधपुर में मेहरानगढ़ किले में योग सत्र में भाग लिया, जबकि केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दिल्ली में जंतर-मंतर पर एक कार्यक्रम में भाग लिया। एएसआई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देशभर में एएसआई के 81 स्मारक स्वास्थ्य और एकता के जीवंत स्थानों में बदल गए। दिल्ली में पुराना किला से लेकर गुजरात में अडालज की वाव और ओडिशा में कोणार्क सूर्य मंदिर तक प्रत्येक स्थल 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' की थीम से गूंज उठा। महाराष्ट्र के लोणार स्थित गोमुख मंदिर परिसर में एएसआई द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में कम से कम 250 लोगों ने भाग लिया।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना: डीएनए जांच से 247 मृतकों की पहचान हुई, 232 शव परिजनों को सौंपे गए

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले 247 लोगों के शवों की पहचान डीएनए जांच के जरिए कर ली गई है और 232 शव उनके परिजनों को सौंप दिये गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने आठ मृतकों के परिजनों से डीएनए जांच के लिए अन्य सगे-संबंधियों का नमूना देने को कहा है, क्योंकि पूर्व में लिये गए नमूनों के मिलान में अवशेषों की पहचान नहीं हो सकी। इस बीच, पुलिस ने बताया कि डीएनए नमूनों के मिलान से इस बात की पुष्टि हुई कि अहमदाबाद के रहने वाले फिल्म निर्माता महेश जीरावाला की इस हादसे में मृत्यु हो गई। उनके पार्थिव शरीर को परिजनों को सौंप दिया गया। अहमदाबाद के रहने वाले फिल्म निर्माता महेश जीरावाला 12 जून को हुई विमान दुर्घटना के बाद लापता बताए जा रहे थे।

### पहले नमूने से डीएनए मिलान नहीं हुआ, आठ मृतकों के परिजनों से दूसरा नमूना देने को कहा गया

अहमदाबाद विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले आठ व्यक्तियों के परिवारों से डीएनए जांच के लिए अन्य सगे-संबंधियों का नमूना देने को कहा गया है, क्योंकि एक परिजन द्वारा दिये गए पहले नमूने का मिलान नहीं हो पाया था। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक राकेश जोशी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जब तक डीएनए मिलान नहीं हो जाता, शव परिजनों को नहीं सौंपा जा सकता। उन्होंने कहा, ''जब लंबे समय तक मिलान नहीं हो पाता है, तो आप किसी अन्य रिश्तेदार से दूसरा नमूना मांग सकते हैं। यदि एक सहोदर भाई या बहन ने नमूना दिया था, तो मृतक के डीएनए से मिलान के लिए दूसरे सहोदर भाई या बहन का नमूना मांगा जाता है।''

## वर्ग पहेली नं. 3130



➲ **बायें से दायें:-** 2) शुश्रूषक; सेवाकर्ता, 5) बददुआ, 7) रुधिर, 8) न्यायालयीन सवाल-जवाब, 9) तरीका, 10) संतान, 12) एक अन्न, 13) छुटका, 15) नयनपट, 17) ख़ैरात, 19) विश्वास, 20) जन्मभूमि, 22) पेश किया गया *(न्यायालय में)*, 23) इत्तला, 24) दूसरा, 25) अध्यापक, 27) निष्ठा, 29) अच्छे-बुरे की पहचान, 32) शरणागत.

➲ **ऊपर से नीचे:-** 1) परित्यक्ता, 2) नाना का पिता, 3) खाली, 4) स्वादिष्टता, 5) सरस्वती, 6½eY] 11½। ऑVu *(राजनीतिक)*, 14) पहिए पर चढ़ाने की एक खोखली वस्तु, 16) छिलका, 18) गैरमौजूद, 21) द्वेष की स्थिति, 23) भास्कर, 24) साधारण; बीच का, 25) उत्तेजना, 26) नौकर, 28) विद्वान; अवशिष्ट, 30) भौचक्का; निरुत्तर; अवाक्, 31) उमेदवार.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-



**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3086 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 6 | 1 | 8 | 3 | 4 | 5 |
| 8 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 5 | 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 |
| 6 | 7 | 1 | 4 | 9 | 5 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 5 | 6 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 9 | 5 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 9 | 7 |

# बेलघरिया में रासायनिक कारखाने में गैस रिसाव से दो मजदूरों की मौत

❑ **एक की हालत गंभीर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बेलघरिया इलाके में शुक्रवार की रात एक रासायनिक फैक्ट्री में गैस रिसाव की वजह से बड़ा हादसा हो गया। इस दुर्घटना में दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में राहत और बचाव कार्य देर रात तक चलता रहा। पुलिस और फैक्ट्री सूत्रों के मुताबिक, मृतकों की पहचान रबिन आइच (60) और सुरजीत माइती (55) के रूप में हुई है। गंभीर रूप से



बीमार तीसरे मजदूर गोविंद नंदी को तुरन्त ही कमरहट्टी स्थित सागर दत्त मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि तीनों मजदूर रोज की तरह शालपाता बागान इलाके स्थित इस केमिकल फैक्ट्री में काम कर रहे थे। इस दौरान फैक्ट्री प्रबंधन ने उन्हें एक पुराने ड्रम में मौजूद केमिकल को साफ करने का निर्देश दिया। इसी प्रक्रिया में जहरीली गैस का रिसाव हुआ, जिससे यह जानलेवा हादसा हुआ। बैरकपुर कमिश्नरेट के डीसी (साउथ) अनुपम सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच से लगता है कि ड्रम में जमा पुराना केमिकल जब फेंका जा रहा था, उसी दौरान जहरीली गैस बाहर निकली जो मजदूरों की सांसनली में चली गई। इससे दो की मौत हो गई, जबकि एक की हालत नाजुक है। घटना के बाद फैक्ट्री परिसर और आस-पास के इलाके में भारी अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। हालांकि, मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर हालात को नियंत्रित किया गया है। फैक्ट्री क्षेत्र को घेराबंदी कर सील कर दिया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर दमकल विभाग की एक टीम भी घटनास्थल पर तैनात की गई है।

## भाजपा नेता अमित मालवीय को बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भेजा कारण बताओ नोटिस

### मृत नाबालिग की पहचान उजागर करने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भाजपा नेता अमित मालवीय को कारण बताओ नोटिस भेजा है। दक्षिण 24 परगना में कैनिंग ऑपरेशन में मरने वाली नाबालिग लड़की को उसकी पहचान उजागर करने के लिए यह नोटिस भेजा गया है। भाजपा नेता पर मृतक नाबालिग की पहचान उजागर करके किशोर न्याय अधिनियम की धारा 74 का उल्लंघन करने का आरोप है। आयोग की अध्यक्ष तूलिका दास ने बताया कि एक्स हैंडल पर इस घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने एक नाबालिग की तस्वीर प्रकाशित की थी। इसे धुंधला करने के प्रयासों के बावजूद, स्पष्ट माइनर अभी भी दिखाई दे रही



है। इसीलिए भाजपा के आईटी सेल प्रमुख मालवीय को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि नाबालिग का शव कुछ दिन पहले कैनिंग स्थित उसके घर से बरामद किया गया था। भाजपा के सह-पर्यवेक्षक अमित मालवीय ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने पोस्ट में यह भी दावा किया कि राज्य में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने उस पोस्ट के साथ नाबालिग लड़की की धुंधली तस्वीर भी संलग्न की थी। इसी संबंध में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने अमित मालवीय को कारण बताओ नोटिस भेजा है। आयोग ने इस संबंध में स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है। आयोग की अध्यक्ष तूलिका दास ने कहा कि उसने लिखा है कि यौन उत्पीड़न हुआ है। हमने पुलिस रिपोर्ट मांगी है। उसने लड़की की तस्वीर दी है। उसने उसे धुंधला करने की कोशिश की है, लेकिन, वह साफ है। इसीलिए हमने कारण बताओ नोटिस भेजा है।

## बंगाल में लगातार बरसात और डीवीसी से पानी छोड़े जाने के कारण बाढ़ जैसी स्थिति

### राहत कार्यों के लिए ममता के निर्देश पर चार वरिष्ठ मंत्री मैंदान में उतरे

❑ **पांच जिलों में हालात का जायजा लेने के लिए पहुंचे चारों मंत्री**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मानसून सीजन में बंगाल के विभिन्न हिस्सों में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण कई जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। निचले इलाकों में पानी भर गया है, जिससे कई जगहों पर यातायात बाधित है और हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। हालात की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तत्काल कदम उठाते हुए चार वरिष्ठ मंत्रियों को राज्य के पांच बाढ़-प्रभावित जिलों में भेजा है, ताकि स्थिति की निगरानी की जा सके और राहत कार्यों को गति दी जा सके। ममता ने जिलेवार मंत्री को जिम्मेदारी दी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पीएचईडी मंत्री पुलक राय ने शनिवार को हावड़ा के बाढ़ प्रभावित उदयनारायणपुर इलाके में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। वहां के कई इलाकों में जलभराव के कारण लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। पुलक राय ने राहत शिविरों में जाकर लोगों से बातचीत की, उनकी समस्याएं सुनीं और आवश्यक सामग्री वितरण की निगरानी की। कोलकाता के मेयर और वरिष्ठ मंत्री फिरहाद हकीम ने हुगली जिले के आरामबाग और गोघाट क्षेत्रों में स्थिति का जायजा लिया। वहां के लिए रवाना होने से पहले मंत्री हकीम ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि किसी भी नागरिक को परेशानी न हो। हम हर संभव सहायता पहुंचाएंगे। वे जलजमाव, बिजली व्यवस्था और मेडिकल टीमों की उपलब्धता की विशेष निगरानी करेंगे। सिंचाई व जल संसाधन मंत्री डॉ. मानस रंजन भुइयां पहले से ही पश्चिम मेदिनीपुर जिले में डटे हैं। वे लगातार प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं, जहां कई ग्रामीण इलाकों में पानी घुस चुका है। भुइयां स्थानीय ब्लॉक अधिकारियों के साथ राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। श्रम व कानून मंत्री मलय घटक पुरुलिया में हैं और वहां से वे बांकुड़ा भी जाएंगे। इन जिलों में अधिकतर जलाशयों और नदियों का जलस्तर खतरे के निशान पर पहुंच गया है। मलय घटक ने ग्रामीण इलाकों में तैनात स्वास्थ्य इकाइयों और खाद्यान्न वितरण केंद्रों का जायजा लिया।

## जगद्दल में तृणमूल नेता की हत्या के मुख्य गवाह का शव नाले से बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल नेता की हत्या के मुख्य गवाह का शव बरामद होने से जगद्दल में फिर सनसनी फैल गई है। पता चला है कि शनिवार को दीपक साव नामक व्यक्ति का शव नाले से बरामद किया गया है। वह तृणमूल नेता अशोक साव का रिश्तेदार था। साथ ही, वह अशोक साव हत्याकांड का मुख्य गवाह भी था। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, दोपहर के बाद जगद्दल थाना अंतर्गत पालघाट रोड इलाके में नाले से दीपक का शव बरामद होने के बाद इलाके में काफी आक्रोश फैल गया। बताया गया है कि दीपक चार दिनों से लापता था। इस दिन, सुबह में नाले से बदबू आने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद, सड़क जामकर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। मौके पर पहुंचे पुलिस के साथ स्थानीय लोगों की नोकझोंक हुई। उनके मुताबिक, एक राजनीतिक हत्या के मुख्य गवाह की सुरक्षा क्यों सुनिश्चित नहीं की गई? उल्लेखनीय है कि पिछले साल 13 नवंबर को उपचुनाव के दिन तृणमूल नेता अशोक साक की सरेआम सड़क पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस घटना की जांच को लेकर राजनीतिक दबाव जारी है। अब इस मामले के मुख्य गवाह की रहस्यमयी मौत ने प्रशासन पर नया दबाव बना दिया है। जगद्दल थाने की पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि यह हत्या है या आत्महत्या।

## बारासात पुलिस आवास से युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** बारासात पुलिस आवास से एक युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। पुलिस ने गत शुक्रवार की रात शव को कछारी मैदान इलाके से सटे आवास से बरामद किया है। प्रारंभिक कयास लगाए जा रहे हैं कि उसने आत्महत्या की है। घटना से इलाके में काफी सनसनी फैल गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृत युवक का नाम देबजीत घोष (26) है। वह बारासात जिला पुलिस के ड्राइवर का बेटा है। वह मेडिकल की पढ़ाई कर रहा था। परिजनों ने बताया कि उसने रजिस्ट्रेशन भी करा लिया था। हालांकि, मनचाही अस्पताल में पोस्टिंग नहीं मिलने के कारण वह कुछ मानसिक परेशानियों से ग्रसित था। परिजनों का आरोप है कि युवक के चाचा-चाची ने उसे लगातार दवा खिलाकर उसका सिर खराब कर दिया था। इसी वजह से यह घटना हुई। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को शव बरामद होने से पहले परिवार के लोग तारापीठ गए थे। वहां से युवक वापस बारासात पुलिस आवास आ गया। परिजनों ने आवाज लगाई तो भी किसी ने दरवाजा नहीं खोला। युवक कभी-कभी ऐसा करता था, इसलिए उसके माता-पिता काम पर बाहर चले जाते थे। हालांकि, शुक्रवार को जब घर का दरवाजा तोड़ा गया तो देबजीत का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। युवक की मां उसके चाचा-चाची के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराएंगी। बारासात थाने की पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। जांचकर्ता आत्महत्या के कारणों की जांच कर रहे हैं। युवक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए बारासात जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## डेंगू से सातवीं कक्षा की छात्रा की मौत, परिवार में शोक की लहर

**कोलकाता :** जैसे ही बारिश का मौसम शुरू हुआ है, मच्छरों का आतंक भी बढ़ गया है। इसी बीच डेंगू ने एक बार फिर अपना भयावह रूप दिखाया। दमदम के मंजेंद्र दत्त रोड की रहने वाली सारणी बंद्योपाध्याय (13 वर्ष) की शनिवार सुबह डेंगू से मौत हो गई। सारणी सातवीं कक्षा की छात्रा थी और बैद्यनाथ गर्ल्स हाई स्कूल में पढ़ती थी। परिवार के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से वह बुखार और शारीरिक कमजोरी से जूझ रही थी। पहले उसे एक स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन सही इलाज न होने के कारण उसकी हालत और बिगड़ गई। इसके बाद उसे टपसिया इलाके के एक बड़े निजी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जहां शनिवार तड़के सुबह 5:45 बजे उसकी मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है। साथ ही, लोगों के बीच डेंगू को लेकर भय और चिंता भी बढ़ गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन को मच्छरों की रोकथाम के लिए तुरंत ठोस कदम उठाने चाहिए।



**GENERAL NOTICE**

IN THE CITY CIVIL COURT AT CALCUTTA BEFORE THE LEARNED CHIEF JUDGE

Act 39- Probate Case No. 33 of 2024

In the goods of:-Shyam Peary nee Pyari Gupta Since deceased wife of Late Ram Prasad Gupta Lately Residing at 27/6, Surya Sen Street P.S. Muchipra, Kolkata 700009

-And-

In the matter of: Sri Navin Gupta Son of Sri Ananda Prakash Gupta Grandson of Late Shyam Peary nee Pyari Gupta Residing at 21/C Harinath Dey Road Raja Rammohan Sarani P.O. & P.S. Amherst Street, Kolkata 700009

-And-

Smt. Sunitadevi Gupta Wife of Ananda Prakash Gupta Daughter-in-law of Late Shyam Peary nee Pyari Gupta Residing at 21/A Harinath Dey Road Raja Rammohan Sarani P.O. & P.S. Amherst Street, Kolkata 700009

...Petitioner

WHEREAS an application has been filed by the petitioner abovenamed before this Court on 20.05.2024 for the grant of probate of WILL dated 04.02.2013 executed by Shyam Peary nee Pyari Gupta who is stated to have died on 04.01.2019, and who was living at the time of her death at the above living address.

Now it is noticed for general information that any person having objection thereto, may appear in person or through authorised agent before the Learned Chief Judge, City Civil Court at Calcutta on 25.07.2025 at 10.30 A.M and to file objection if any there against. In default the application will be heard and determined experte in accordance with law.

By Order
Chief Administrative Officer
City Civil Court, Calcutta

## कलकत्ता विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल की छत गिरी, कोई हताहत नहीं



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास के एक कमरे की छत शनिवार के तड़के गिर गई। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। करीब 150 वर्ष पुराने इस छात्रावास में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की छात्राएं रहती हैं। कलकत्ता विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार देबाशीष दास ने बताया कि छत का एक हिस्सा कमरे में छात्राओं के बिस्तर पर गिर गया। हमने छात्रावास के प्रभावित हिस्से में रहने वाली छात्राओं को विश्वविद्यालय में दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिया है। उन्होंने बताया कि छात्रावास भवन के मरम्मत और नवीनीकरण का कार्य पहले से शुरू किया जा चुका था।

## रथयात्रा और मुहर्रम को लेकर सीपी मनोज वर्मा ने दिए कड़े निर्देश

**कोलकाता :** आगामी 27 जून को भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा एक सप्ताह के लिए अपने मासी के घर (गुंडिचा मंदिर) की यात्रा पर निकलेंगे। इस रथयात्रा को लेकर कोलकाता पुलिस इस बार बेहद सतर्क है। खासकर इस बार रथयात्रा और मुहर्रम एक ही दिन पड़ने के कारण कोलकाता पुलिस कमिश्नर (सीपी) मनोज वर्मा ने सभी थानों को अतिरिक्त सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सीपी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि हर थाना सतर्क रहे और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पहले से तैयारी रखे। खासकर बंदर इलाकों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है। साथ



ही किसी भी कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर फोर्स को तुरंत मौके पर तैनात करने का निर्देश दिया गया है। सीपी ने यह भी कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों को हर गतिविधि पर नजर रखनी होगी और हर स्तर पर समन्वय बनाए रखना होगा। इसी के साथ पुलिस कर्मियों के लिए सीपी मनोज वर्मा ने कड़ा संदेश भी दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि यदि किसी पुलिस कर्मी पर अवैध वसूली (तोलाबाजी) का आरोप साबित होता है, तो उसके खिलाफ तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वसूली की शिकायत मिलते ही तत्काल जांच कर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी दिए गए हैं। सीपी के इन निर्देशों को आने वाले संवेदनशील त्योहारों और आयोजनों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सख्त कदम माना जा रहा है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

**वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ** के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना। **एडमिन यूनिट/जोनः** लखनऊ-पू०उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/पू०उ०रे०; **नीलामी सूची सं./लॉट सं.:** LJN-FSLR-15-25; **नीलामी सूची प्रकाशन तिथिः** 18.06.2025 समय 18:03 बजे; **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 03.07.2025 समय 13:00 बजे; **नीलामी बन्द करने की तिथि व समयः** 03.07.2025 समय 18:00 बजे; **नीलामी का प्रकारः** Close Ended; **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है :** E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

**सहायक वाणिज्य प्रबंधक**
**मुजाधि/वा०-63** **लखनऊ**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## विज्ञापन कर घोटाले में 29 साल बाद कोलकाता नगर निगम की हार, कैब से वसूली का दावा खारिज

**कोलकाता :** 29 साल पुराने एक मामले में कोलकाता नगर निगम को आखिरकार कोलकाता हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। 1996 में क्रिकेट वर्ल्ड कप के दौरान इडेन गार्डन्स स्टेडियम में लगाए गए विज्ञापनों के आधार पर नगर निगम ने क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) से 51 लाख 18 हजार 450 रुपये कर के रूप में मांगे थे। लेकिन इस मामले में हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने निगम की याचिका को खारिज कर दिया और कैब के पक्ष में फैसला सुनाया। दरअसल, 1996 के विल्स वर्ल्ड कप के उद्घाटन कार्यक्रम और उसके बाद 13 मार्च को खेले गए सेमीफाइनल मैच के



दौरान इडेन गार्डन्स के अंदर और बाहर कई होर्डिंग्स और बैनर लगाए गए थे। इसके बाद 27 मार्च 1996 को कोलकाता नगर निगम ने 1980 के कोलकाता नगर निगम अधिनियम की धारा 204 के तहत कैब से विज्ञापन कर की यह राशि वसूलने की मांग की थी। लेकिन कैब के तत्कालीन अध्यक्ष और सचिव ने इस कर को अनुचित मानते हुए कोलकाता हाईकोर्ट में चुनौती दी। उनका तर्क था कि स्टेडियम का अंदरूनी हिस्सा कोई सार्वजनिक स्थल नहीं है, और बाहर से वहां लगे विज्ञापन दिखाई नहीं देते। इसलिए निगम अधिनियम की धारा 204 यहां लागू नहीं होती। साथ ही, इडेन गार्डन्स की भूमि केंद्र सरकार के स्वामित्व में है, जिसके चलते नगर निगम उस पर कोई कर नहीं लगा सकता। कोलकाता हाईकोर्ट की एकल पीठ ने 1996 में ही नगर निगम की कर मांग को अवैध करार देते हुए खारिज कर दिया था। लेकिन नगर निगम ने उस फैसले को चुनौती देकर डिवीजन बेंच में अपील दायर की थी। अब 29 साल बाद उस अपील पर न्यायमूर्ति ओरिजीत बंद्योपाध्याय और न्यायमूर्ति कौशिक चंद की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि स्टेडियम का भीतरी क्षेत्र सार्वजनिक स्थल की श्रेणी में नहीं आता, और वहां निगम कर लगाने का कोई कानूनी आधार नहीं है। इसलिए अदालत ने कहा कि नगर निगम द्वारा लगाया गया कर कानून के अनुरूप नहीं था और इस पर पुनर्विचार की आवश्यकता नहीं है। नतीजतन, नगर निगम की अपील खारिज कर दी गई। यह फैसला नगर निकाय के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है, जबकि कैब के लिए यह कानूनी जीत है।

## राज्य भर में उत्साह के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोगों ने पार्कों एवं मैदानों में योगासन



किए। कोलकाता में रवींद्र सरोवर, इको पार्क और विक्टोरिया मेमोरियल के निकट मैदान सहित कई स्थानों पर सुबह योग के सत्र आयोजित किए गए। कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा के बावजूद बड़ी संख्या में योग प्रेमियों, वरिष्ठ नागरिकों, स्कूली छात्रों और कार्यालय जाने वालों ने योग सत्र में भाग लिया। सिलीगुड़ी और उत्तर बंगाल के अन्य हिस्सों में चाय बागानों, स्कूलों और महानंदा नदी के तटों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। दार्जिलिंग की पहाड़ियों के सुंदर दृश्यों के बीच भी लोगों ने योग का अभ्यास किया। ग्रामीण क्षेत्रों में, स्थानीय क्लबों और स्वयं सहायता समूहों ने सामुदायिक योग कार्यक्रम आयोजित किए। हालांकि, राज्य सरकार ने कोई विशेष कार्यक्रम आयोजित नहीं किया, लेकिन विभिन्न विभागों ने नगर निकायों और शिक्षण संस्थानों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर कार्यक्रमों को सहयोग प्रदान किया।

**पश्चिम मध्य रेल**

**इंजीनियरिंग विभाग खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना क्रमांक : डी.आर.एम डब्ल्यू-जे.बी.पी-100-2025 दिनांक 19.06.2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित : मंडल अभियंता (दक्षिण) अनुभाग के अंतर्गत इटारसी-जबलपुर सेक्शन पर यार्डों में सुधार के संबंध में, सीटीआर-4,827 किमी, टीबीआर 1.259 किमी, टीटीआर (एफएस + टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएस) 1/12 – 9 नग, 1/8.5–43 नग, टीटीआर (टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूएमएससी)1/12–3 नग, 1/8.5 – 15 नग और टर्नआउट का टीएसआर 1 इन 12 – 1 नग 1, इन 8.5 – 3 नग का कार्य, कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये : 3,94,30,761/-, बयाना राशि : 3,47,200/- समापन अवधि : 12 माह, निविदा भरने कि अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे : 11.07.2025, निविदा खुलने कि तिथि एवं समय 15.15 बजे : 11.07.2025, उपरोक्त ई-निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

(हस्ता)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## स्वास्थ्य भवन का कर्मचारी बताकर 12 लाख का लोन लेने के आरोप में दो गिरफ्तार

✒ **पुलिस ने मामले में अबतक दो मुख्य आरोपी समेत पांच लोगों को किया हैं गिरफ्तार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** फर्जी पहचान पत्र का इस्तेमाल कर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से 12 लाख रुपये का लोन लेने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि इससे पहले इस घटना में मुख्य आरोपी नासिरुद्दीन समेत दो अन्य को गिरफ्तार किया गया था। अब तक पुलिस ने मामले में कुल 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने खुद को स्वास्थ्य भवन का कर्मचारी बताकर फर्जी पहचान पत्र पेश कर स्वास्थ्य भवन की एसबीआई शाखा से 12 लाख रुपये का लोन लिया था। बाद में, बैंक अधिकारियों को पता चला कि ये सभी फर्जी दस्तावेज दिए गए थे। उसके बाद, बैंक अधिकारियों की ओर से इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई।

उस शिकायत के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों अलाउद्दीन शेख और मोहन मिद्धा को गिरफ्तार किया है। उन्हें बांकुड़ा से गिरफ्तार कर शनिवार को बिधाननगर कोर्ट में पेश किया गया और उन्हें हिरासत में लेने के लिए आवेदन दिया जा रहा है। पुलिस जांच कर पता लगाएगी कि स्वास्थ्य भवन के ये सभी फर्जी दस्तावेज कैसे और कहां से बनाए गए। पुलिस इन्हें बनाने वाले गिरोह की तलाश करेगी। पुलिस को शक है कि इसके पीछे कोई बड़ा गिरोह है। और इस गिरोह में शामिल कई और लोगों की तलाश की जा रही है।

## ज्यादा मुनाफा दिलाने के नाम पर कोलकाता निवासी से करोड़ों की ठगी, तीन गिरफ्तार

### आरोपियों को पंजाब के मोहाली से गिरफ्तार किया गया, आरोपी जिम्बाब्वे के निवासी

**कोलकाता, समाज्ञा :** ज्यादा मुनाफा दिलाने के नाम पर कोलकाता के एक निवासी से करोड़ों रुपये की ठगी करने के आरोप में पंजाब के मोहाली से जिम्बाब्वे के तीन निवासियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के नाम तिनशे गाडजीकवाया प्राइस (22), मालवर्न माटुमगामिरे (25) और नामहुंगा लेनन कुडाकोशा (23) हैं। ये सभी जिम्बाब्वे के निवासी हैं। पुलिस ने इनके पास से छह फोन, एक लैपटॉप और कुछ बैंक के कागजात बरामद किए हैं। गिरफ्तार लोगों को ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता शहर लाने के लिए स्थानीय अदालत में पेश किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर जालसाजों ने टॉलीगंज थाना क्षेत्र के निवासी संदीप घोष (53) से चरणबद्ध तरीके से 1 करोड़, 10 लाख, 41 हजार 250 रुपये ठग लिए। गिरफ्तार लोगों पर फर्जी मेल, व्हाट्सएप अकाउंट और लेटरहेड बनाकर ठगी करने का आरोप है। बताया गया है कि आरोपियों ने यूके की एबॉट फार्मास्युटिकल कंपनी और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के फर्जी



दस्तावेज बनाकर संदीप को कोला नट के कारोबार में पैसा लगाने के लिए राजी किया। संदीप उस जाल में फंस गए और करोड़ों रुपये गंवा दिए। मामले की जानकारी होने पर उन्होंने पुलिस थाने में इसकी सूचना दी। टॉलीगंज थाने की पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि इस ठगी के गिरोह में विदेशी लोग भी शामिल हैं। यह भी पता चला कि वे मोहाली में हैं। इसी तरह पुलिस ने वहां छापा मारकर जिम्बाब्वे के तीन निवासियों को गिरफ्तार किया। जांचकर्ता इस बात की जांच कर रहे हैं कि इस घटना में कोई अंतरराष्ट्रीय ठगी गिरोह तो शामिल नहीं है।



# पुरानी नौकरी में लौटने के इच्छुक कर्मचारियों के लिए शिक्षा विभाग की बड़ी पहल

❑ **तीन दिन में मांगी गई रिपोर्ट**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग ने उन कर्मचारियों के लिए बड़ा कदम उठाया है जो अपनी पुरानी नौकरी में वापस लौटना चाहते हैं। विभाग ने राज्यभर के जिला निरीक्षकों को निर्देश दिया है कि ऐसे आवेदकों की योग्यता या अयोग्यता की रिपोर्ट तीन दिनों के भीतर शिक्षा विभाग को सौंपी जाए।



अब तक विभाग के पास 15,000 से अधिक आवेदन जमा हो चुके हैं। शिक्षा विभाग ने इन सभी मामलों की विस्तृत जानकारी जिला स्तर से तलब की है। यह कदम सुप्रीम कोर्ट के निर्देश (पैरा 47) के आलोक में उठाया गया है, जिसमें कहा गया है कि जो कर्मचारी अपनी पुरानी नौकरी में लौटना चाहते हैं, उनकी अर्जी मिलने के तीन महीने के भीतर नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

इन आवेदनों को राज्य के विभिन्न स्तरों पर जमा किया गया है – विकास भवन, शिक्षा आयुक्त कार्यालय, प्रिंसिपल सेक्रेटरी, प्राथमिक शिक्षा परिषद (डीपीएससी), मादरसा बोर्ड और एसएससी कार्यालय। इन्हें व्यवस्थित तरीके से निपटाने के लिए शिक्षा विभाग ने सभी प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के ऊख को आवश्यक दिशा–निर्देशों के साथ एक फॉर्मेट भी भेजा है।

❑ **रिपोर्ट में यह जानकारी देनी होगी:**

- आवेदक पहले किस स्कूल में कार्यरत था।
- 2016 की डब्ड परीक्षा में उसने किन स्कूलों में जॉइन किया।
- क्या संबंधित नियुक्ति को विभागीय मंजूरी प्राप्त थी।
- क्या उसे नियमित वेतन मिल रहा था।
- क्या वह ट्रांसफर के बाद किसी अन्य स्कूल में गया था।

शिक्षा विभाग का यह कदम उन हजारों आवेदकों के लिए राहत भरा साबित हो सकता है, जो वर्षों से अपने पूर्ववर्ती पद पर पुनर्नियुक्ति की उम्मीद लगाए बैठे हैं। अब देखना है कि इस प्रक्रिया को कितनी पारदर्शिता और गति से अंजाम दिया जाता है।

# बरसात में स्कूल की छुट्टी के समय शहर में भीषण ट्रैफिक जाम, लालबाजार ने दिए सख्त निर्देश

**कोलकाता :** बरसात के मौसम में स्कूलों की छुट्टी के समय कोलकाता की प्रमुख सड़कों पर भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति देखी जा रही है। हालात को काबू में लाने के लिए लालबाजार मुख्यालय ने सभी ट्रैफिक गार्डों को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि वे स्कूल ट्रैफिक को प्राथमिकता देकर सड़कों को जल्दी सामान्य स्थिति में लाएं।



पुलिस सूत्रों के अनुसार, स्कूलों की छुट्टी के समय अधिकांश अभिभावक अपनी गाड़ियाँ लेकर सीधे स्कूल गेट तक पहुंचने की कोशिश करते हैं। इसके कारण स्कूल गेट के पास भारी जाम की स्थिति बन रही है। मुख्य सड़कों पर महज 2 से 5 सेकंड की देरी भी यातायात को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि छात्र–छात्राओं की सुरक्षा ही उनकी पहली प्राथमिकता है।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस जरूरत के अनुसार स्वचालित ट्रैफिक सिग्नल को मैनुअल मोड में बदल रही है, और इसकी निगरानी सीधे लालबाजार से की जा रही है।

कोलकाता ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, बीते तीन दिनों में स्कूलों के आसपास निजी गाड़ियों की आवाजाही में 20% की वृद्धि हुई है। पार्क स्ट्रीट, लाउडन स्ट्रीट और ए.जे.सी. बोस रोड जैसे इलाकों में यह बढ़ोतरी 30% तक पहुंच चुकी है। सबसे ज्यादा परेशानी गड़ियाहाट, खिदिरपुर, ए.पी.सी. रोड, ए.जे.सी. बोस रोड और सुहरावर्दी एवेन्यू में देखी गई है।

कई लोगों का मानना है कि बरसात के दौरान यह समस्या और भी गंभीर हो सकती है। अब देखना होगा कि पुलिस के ये प्रयास शहरवासियों को कितनी राहत दिला पाते हैं।

## योग के बंधन में एक हुआ है भारत : राज्यपाल



**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को राज्यपाल डॉ. सी वी आनंद बोस ने भारत की प्राचीन साधना 'योग' को वैश्विक स्तर पर गौरव दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल की सराहना करते हुए देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि वर्ष 2014 में जब संयुक्त राष्ट्र ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्ताव को स्वीकार कर 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया, तब से लेकर आज तक योग केवल भारत तक सीमित न रहकर पूरे विश्व में एकता का प्रतीक बन गया है। राज्यपाल ने कहा कि पहले जहां योग एक व्यक्तिगत साधना था, आज वह एक वैश्विक जुड़ाव बन चुका है–मन, शरीर और आत्मा के मिलन का माध्यम। उन्होंने इस दिन की महत्ता बताते हुए कहा कि यह हमें याद दिलाता है कि एक स्वस्थ शरीर और शांत मन ही हमारी सबसे बड़ी संपत्ति हैं। योग न केवल शरीर को सबल बनाता है, बल्कि मन को भी स्थिर और विचारों को स्पष्ट करता है। राज्यपाल ने कहा कि यह आंदोलन न केवल स्वास्थ्य बल्कि विश्व शांति और कल्याण के लिए भी एक अहम प्रयास है। उन्होंने कहा कि योग एक ऐसा माध्यम है, जिसे किसी भी उम्र में उचित मार्गदर्शन के साथ शुरू किया जा सकता है, और प्रतिदिन थोड़ी–सी साधना से शरीर व मन दोनों को स्वस्थ रखा जा सकता है।

## ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया



**कोलकाता, समाज्ञा :** ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड के कॉरपोरेट कार्यालय एवं सभी इकाइयों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत योगाचार्य श्री भूपेंद्र शुक्लेश के मार्गदर्शन में योगासन और प्राणायाम अभ्यास से हुई। योगाचार्य शुक्लेश, जो ऋषिकेश से आए थे, ने तन, मन और भावनात्मक स्वास्थ्य को मजबूत करने वाले विविध योग अभ्यास कराए। इस अवसर पर मो. असद आलम (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक), संजीव रस्तोगी (निदेशक–उत्पादन) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। अपने उद्घाटन भाषण में सीएमडी ने कहा, योग शांति, स्वास्थ्य और आंतरिक समरसता का आधार है। इसकी साधना आत्मविकास और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। योगाचार्य शुक्लेश ने तनावमुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

## एनसीएसएम ने योग दिवस पर किया भव्य कार्यक्रम का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एन–सीएसएम) ने एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर कोलकाता के साइंस सिटी में भव्य स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। इसका आरंभ विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के सीधा प्रसारण से हुआ। इस आयोजन में एनसीएसएम, सेंट्रल रिसर्च एंड ट्रेनिंग लेबोरेटरी तथा साइंस सिटी के अधिकारियों के साथ एनसीसी की 33वीं बटालियन के 100 से अधिक कैडेट्स ने हिस्सा लिया। योग विशेषज्ञ संजय मन्ना, उनकी टीम और अभानी दे द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम व ध्यान विधियों का अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अर्जुन पुरस्कार विजेता सोमा बिश्वास रहीं। इस अवसर पर 500 से अधिक प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी ने योग के प्रति समाज की प्रतिबद्धता को दर्शाया।

## जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने मनाया 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**कोलकाता, समाज्ञा :** जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जीएसआई) ने पूरे देश में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 उत्साहपूर्वक और सहभागिता के साथ मनाया। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के अंतर्गत जीएसआई ने योग के माध्यम से स्वास्थ्य, पर्यावरण चेतना और भूवैज्ञानिक जागरूकता को बढ़ावा देने का संदेश दिया। जीएसआई ने प्रधानमंत्री की पहल 'योग संगम' में भाग लेते हुए एक राष्ट्रव्यापी सामूहिक योग प्रदर्शन में सक्रिय भूमिका निभाई। कोलकाता स्थित केंद्रीय मुख्यालय में जीएसआई के महानिदेशक असित साहा ने प्रशिक्षकों के साथ योग सत्र की शुरुआत की। देशभर में जीएसआई ने 46 स्थानों पर 50 योग सत्र आयोजित किए, जिनमें 12 प्रमुख भू–विरासत स्थलों पर खुले में योग प्रदर्शन शामिल था। इनमें भीमबेटका, राहियोली, शिवालिक पार्क, गंगानी घाटी जैसे स्थल शामिल थे। इस व्यापक आयोजन ने योग, विज्ञान, स्वास्थ्य और विरासत के बीच संतुलन को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर श्री जैन विद्यालय, कोलकाता में योग का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय, कोलकाता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के पारसमल कांकरिया सभागार में एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गुरु पतित महता, जो कि कमला देवी सोहनराज सिंघवी जैन कॉलेज ऑफ एजुकेशन से पधारे थे, ने योगाभ्यास का निर्देशन किया तथा योग के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य संजय कुमार पाण्डेय महोदय के प्रेरणादायक भाषण से हुई। इसके पश्चात गुरु पतित महता द्वारा सभी को विभिन्न योगासन अभ्यास कराया गया। योग सत्र के संचालन में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक अरिंदम बिस्वास का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के सचिव मनोज बोथरा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया और योग को जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। विद्यालय अध्यक्ष विनोद कांकरिया योग की महत्ता पर अपने वक्तव्य रखे।

## एएआई कोलकाता मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 उत्साहपूर्वक मनाया गया



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय मुख्यालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), कोलकाता में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का आयोजन आध्यात्मिक वातावरण के बीच हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्वी क्षेत्र) निवेदिता दुबे द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। अपने संबोधन में निवेदिता दुबे ने योग के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक कल्याण में महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने योग को केवल एक अभ्यास न मानकर एक जीवनशैली बताया, जो प्रधानमंत्री जी के स्वस्थ, सशक्त और आध्यात्मिक भारत के दृष्टिकोण को साकार करता है। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज द्वारा ध्यान और योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें मानसिक स्पष्टता और संतुलन पर बल दिया गया। 'एक धरती, एक स्वास्थ्य' की वैश्विक थीम के अनुरूप यह आयोजन सभी को योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की प्रेरणा देता रहा।

# पूर्व रेलवे ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 को पूरे उत्साह से मनाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने पूरे देश की तरह 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 को पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया। विशाखापट्टनम में प्रधानमंत्री की भागीदारी के साथ आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के अनुरूप, पूर्व रेलवे ने कोलकाता स्थित बेहाला इंडोर स्टेडियम में एक योग अभ्यास सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्री देवस्कर, अतिरिक्त महाप्रबंधक शीलेंद्र प्रताप सिंह, विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण और कर्मचारी उपस्थित रहे। हार्टफुलनेस मेडिटेशन सेंटर के विशेषज्ञों द्वारा सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। पूर्व रेलवे के सभी चार मंडलों, कार्यशालाओं, प्रमुख स्टेशनों, स्कूलों और अस्पतालों में भी योग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें रेलवे कर्मचारी, छात्र और आरपीएफ कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस वर्ष की थीम योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ के अनुरूप कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कार्य क्षमता को सुदृढ़ करना रहा।



## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मेट्रो रेलवे में हुआ योग अभ्यास, 'एक धरती, एक स्वास्थ्य' रहा थीम



**कोलकाता :** आज मेट्रो रेलवे कोलकाता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह–पूर्वक मनाया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम रही एक धरती, एक स्वास्थ्य। इस अवसर पर मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक श्री पी. उदय कुमार रेड्डी, सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने मेट्रो रेल भवन में देशभर के साथ वीडियो लिंक के माध्यम से आयोजित योग सत्र में भाग लिया। इस सत्र में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी विशाखापत्तनम से भागीदारी की। इस अवसर पर श्री रेड्डी ने सभी से रोजाना योग अभ्यास करने की अपील की ताकि वे स्वस्थ और फिट रह सकें। योग दिवस को और व्यापक रूप देने के लिए ग्रीन लाइन के सेंट्रल पार्क डिपो और पर्पल लाइन के जोका डिपो में भी आज सुबह विशेष योग सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में रेल सुरक्षा बल (ठझक्र) और मेट्रो रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी सम्मिलित हुए। इसके अलावा, नोआपाड़ा कारशेड में भी योग दिवस मनाया गया जहाँ अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक और योग सत्र में भाग लेकर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और सामूहिकता का संदेश देने का संकल्प लिया।

## हावड़ा डिवीजन ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व्यापक कार्यशालाओं और पहलों के साथ मनाया



**हावड़ा, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को पूरे उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया। डिवीजन भर में आयोजित योग कार्यशालाओं और गतिविधियों का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों, उनके परिवारों और यात्रियों में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था, जिसमें व्यापक भागीदारी देखी गई। मुख्य कार्यक्रम हावड़ा के न्यू स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित योग कार्यशाला थी, जिसमें डीआरएम संजीव कुमार, पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष रीना जायसवाल, वरिष्ठ अधिकारी और उनके परिवार शामिल हुए। इस विशेष पहल के तहत, एक ईएमयू ट्रेन रेक को योग दिवस के थीम पर सजाया गया, जो स्वास्थ्य संदेशों के साथ हावड़ा–बेलूरमठ लोकल के रूप में डिवीजन में दौड़ेगा। हावड़ा स्टेशन पर भी योग कार्यशाला आयोजित हुई, जिसमें डीआरएम और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। गुलमोहर रेलवे कॉलोनी, लिलुआ, बंडेल, वर्दवान, रामपुरहाट, आजमगंज सहित कई अन्य स्थानों पर भी योग सत्र आयोजित किए गए।

## चिरेका में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उत्साहपूर्वक योग शिविर का आयोजन



**चित्तरंजन, समाज्ञा :** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) एवं उसकी सहायक इकाइयों डानकुनी और हावड़ा कार्यालय में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर मनाया गया। चिरेका में विभिन्न स्थानों पर आयोजित योग शिविरों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कॉमन योगा प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास किया। मुख्य कार्यक्रम चित्तरंजन क्लब में योगगुरु योगेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें महाप्रबंधक विजय कुमार, अध्यक्षा चिरेका महिला कल्याण संगठन श्रीमती किरण बधान सहित वरिष्ठ अधिकारियों और उनके परिवारजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विशाखापट्टनम से प्रसारित राष्ट्रीय योग कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। इसके अलावा, वर्क्स ऑफिस, चिकित्सा भवन, लोको कारखाना, डानकुनी और सीएमएम हावड़ा कार्यालय में भी योग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लेकर योग के प्रति जागरूकता दिखाई।

# दक्षिण पूर्व रेलवे ने योग दिवस पर दिखाया एकता और स्वास्थ्य का संदेश



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे ने एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। मुख्य कार्यक्रम गार्डनरीच स्थित मुख्यालय में आयोजित हुआ, जहां महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने दीप प्रज्वलन कर योग सत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सौमित्र मजूमदार, अपर महाप्रबंधक, प्रमुख विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। द आर्ट ऑफ लिविंग, कोलकाता सेंटर के योग प्रशिक्षकों ने कॉमन योगा प्रोटोकॉल के तहत अभ्यास कराया, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानमंत्री जी के संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया। दक्षिण पूर्व रेलवे के चारों मंडलों–खड़गपुर, आद्रा, चक्रधरपुर और रांची में भी योग दिवस मनाया गया।

# अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में भव्यता से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं विश्व संगीत दिवसहुआ संपन्न



**हावड़ा, समाज्ञा :** विश्व योग दिवस एवं विश्व संगीत दिवस समारोह विद्यालय के अग्रसेन सभागार में भव्यता से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की उप–प्राचार्या काकोली नाग के द्वारा श्री गणेश, मां सरस्वती, महाराजा अग्रसेन, विद्यालय के संस्थापक चेयरमैन की तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापिका (माध्यमिक विभाग), प्रधानाध्यापक (प्राथमिक विभाग) विद्यालय के सभी विभाग के अधिकारीगण, शिक्षिकाएं तथा छात्राएं उपस्थित थी। इस अवसर पर प्राथमिक और माध्यमिक की छात्राओं द्वारा संगीत के धुन पर योगासन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विश्व योग दिवस पर विद्यालय की शारीरिक प्रशिक्षण की शिक्षिकाओं द्वारा मंच पर विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम की प्रस्तुति की गई और जीवन में योग के महत्व को बताया गया। विद्यालय के प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव ने अपने संदेश में सभी के लिए मंगलकामना प्रेषित करते हुए जीवन में योग के महत्त्व बताये। कार्यक्रम का समापन पाठ्यसहगामी क्रिया–कलाप अधिकारी महोदया के धन्यवादज्ञापनसेहुआ।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आमता के आइडियल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास



**हावड़ा :** आमता के आइडियल पब्लिक स्कूल ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन और मानसिक संतुलन का संदेश देते हुए योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। शनिवार, 21 जून को आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया और योग के लाभों के बारे में शिक्षकों से जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान स्कूल में एक विशेष योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिक्षकों ने योग को मानसिक शांति, शारीरिक स्वास्थ्य और आत्म–विकास का एक प्रभावशाली माध्यम बताते हुए छात्रों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। गौरतलब है कि हर साल 21 जून को पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस दिन विभिन्न संस्थानों में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने और जीवनशैली में योग को शामिल करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। आमता के इस स्कूल में आयोजित यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के लिए उपयोगी रहा, बल्कि पूरे क्षेत्र में योग के प्रति एक सकारात्मक संदेश भी लेकर आया।

**एलआईसी पूर्वी आंचलिक कार्यालय में आंचलिक प्रबंधक जे एस टोलिया एवं अन्य अधिकारीगण 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाते हुए।**





बायपास स्थित स्वर्णमणि कॉम्प्लेक्स में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

# भाजपा नेता का संदिग्ध हालत में शव बरामद, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के गोघाट इलाके में भाजपा के एक स्थानीय नेता की संदिग्ध हालात में मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक का नाम शेख बाकिबुल्ला (35) बताया गया है, जो भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष थे। उनका शव शनिवार रात उनके घर की पहली मंज़िल की बालकनी से फंदे पर झूलता हुआ पाया गया।



परिवार और भाजपा नेतृत्व का आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि एक योजनाबद्ध हत्या है। उनका कहना है कि बाकिबुल्ला को पहले मारा गया और फिर सबूत मिटाने के लिए उसे फंदे से लटका दिया गया। हालांकि, परिवार की ओर से अभी तक किसी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

घटना की खबर फैलते ही भाजपा विधायक विमान घोष, भाजपा के आरामबाग जिला सांगठनिक अध्यक्ष सुषांत बेरा और अन्य कई कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोषियों की गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की।

इस मामले में तृणमूल कांग्रेस की ओर से गोघाट ब्लॉक नंबर 1 के अध्यक्ष संजीत पाखिरा ने कहा, 'किसी भी व्यक्ति की मृत्यु बेहद दुखद होती है, वह चाहे किसी भी राजनीतिक पार्टी से जुड़ा हो। वह राज्य का नागरिक है, इसलिए हम भी मांग करते हैं कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और सच्चाई सामने आए।'

हुगली ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कामनाशीष सेन ने बताया, 'मौत का असली कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। यदि कोई स्पष्ट शिकायत दर्ज कराई जाती है तो उसके अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।'

फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। घटना ने इलाके में राजनीतिक गर्मी बढ़ा दी है।

## बागदा में सड़क किनारे दो युवकों के शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के बागदा थाना क्षेत्र में शनिवार को सड़क किनारे दो युवकों के शव बरामद किए गए। मृतकों की पहचान माणिक सरदार और बप्पा ओरंग के रूप में की गई हैं। दोनों युवक बागदा के नटबेरिया इलाके के निवासी है। इलाके में दोनों दोस्त बताए जाते हैं। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। यह 'हत्या' थी या कुछ और, इसकी जांच की जा रही है। बताया गया है कि दोनों दोस्त गत शुक्रवार की रात अपने घर से निकले थे। देर रात होने के बावजूद दोनों में से कोई भी घर नहीं लौटा। इस बीच, परिजनों ने उन्हें कई जगहों पर ढूंढा। फोन से भी उनसे संपर्क नहीं हो पाया। रात को ही पुलिस को सूचना दी गई। इस दिन, सुबह में दोनों युवकों के शव मालीपोता ग्राम पंचायत के आंदुल-पोता इलाके में बनगांव दत्तपुलिया



सड़क के बगल में पड़े मिले। परिजनों ने वहां जाकर शवों की पहचान की। लेकिन, दोनों युवकों की मौत कैसे हुई? क्या उनकी हत्या की गई थी? या कुछ और? पुलिस ने मौके पर जाकर शवों को बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां दोनों शव पड़े थे, उसके पास एक बाइक भी मिली। क्या दोनों उस बाइक से निकले थे? रात में जा रहे थे या कहीं और? क्या यह महज एक दुर्घटना थी? या कुछ और? कई सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

## कोलकाता में व्यवसायी का अपहरण, 12 करोड़ की रंगदारी मांगने का सनसनीखेज मामला

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के बागुईहाटी इलाके से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक व्यवसायी ने अपहरण, धमकी और भारी रकम की रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए बागुईहाटी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित व्यवसायी फारूक नूरानी ने बताया कि 19 जून की रात उनके पुराने सहयोगी नयन घोष छह हथियारबंद अज्ञात लोगों के साथ उनके फ्लैट में जबरन घुस आया और उन्हें व उनके साथी कबीर जैन और विनीत को बंदूक की नोक पर अगवा कर लिया।

उन्हें जबरन बड़ाबाजार के पास एक पुराने भवन में ले जाया गया, जहां पहले से 10-12 लोग मौजूद थे। वहां, नयन घोष और उसके साथियों ने शराब और नशीले पदार्थों के नशे में 12 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी और जान से मारने की धमकी दी। फारूक ने बताया कि कबीर जैन का बेटा आकाश, जब किसी से संपर्क नहीं कर पाया, तो वह रात 1 बजे फ्लैट पर पहुंचा। बाद में नयन ने फारूक से आकाश को कॉल करवाया और पैसे की मांग दोहराई। तीन घंटे की यातना के बाद फारूक की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद आकाश के भरोसा दिलाने पर उन्हें अस्प-ताल ले जाया गया। फारूक फिलहाल मणिपाल अस्पताल से लौट चुके हैं लेकिन उन्होंने बताया कि अब भी उन्हें और उनके सहयोगियों को जान का खतरा है। उन्होंने पुलिस से तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

## धार्मिक भावना को बढ़ावा देने के लिए मंत्री ने किया दीघा मंदिर का प्रसाद वितरण

**हुगली, समाज्ञा :** राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर राज्य भर में नव निर्मित दीघा जगन्नाथ प्रभु मंदिर का प्रसाद वितरण किया जा रहा है। यह प्रसाद वितरण राशन दुकानों से भी किया गया। इसी क्रम में शनिवार सुबह हरिपाल विधानसभा क्षेत्र के कैकाल ग्राम पंचायत अंतर्गत बेलचोंगा रामकुठी में दीघा के प्रसिद्ध जगन्नाथ धाम मंदिर का प्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। इस विशेष धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



इस अवसर पर राज्य के कृषि विपणन मंत्री बेचाराम मन्ना, उनकी पत्नी एवं हरिपाल विधानसभा से विधायक डॉ. करबी मन्ना, पंचायत समिति की अध्यक्षा सुचंद्रा धोले अधिकारी, तथा अन्य कई विशिष्ट अतिथि मौजूद थे।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में धार्मिक भावना को बढ़ावा देना एवं आम लोगों तक मंदिर की पवित्रता और आस्था को पहुंचाना था। उपस्थित अतिथियों ने सभी को शुभकामनाएं दीं और एकता एवं सद्भावना का संदेश दिया।

जैसे-जैसे 2026 के विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, पश्चिम बंगाल की सियासत एक बार फिर धार्मिक प्रतीकों की राजनीति के इर्द-गिर्द घूमने लगी है। इस बार मुकाबला है भगवान राम बनाम भगवान जगन्नाथ के प्रसाद और आस्था के नाम पर।

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव में भगवान राम का प्रसाद और चित्र वितरित कर हिंदू वोटरों को साधने की कोशिश की थी। अब उसी राह पर तृणमूल कांग्रेस भी चल पड़ी है - फर्क सिर्फ इतना है कि भाजपा जहां अयोध्या के राम को सामने रख रही है, वहीं तृणमूल दीघा के नव निर्मित भगवान जगन्नाथ को केंद्र में ला रही है। राज्य भर में तृणमूल कार्यकर्ताओं द्वारा जगन्नाथ रथयात्रा और महाप्रसाद वितरण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पार्टी इसे 'बंगाल की संस्कृति का सम्मान' बता रही है, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो यह तृणमूल की एक सोची-समझी रणनीति है ताकि पार्टी पर लगे 'मुस्लिम तुष्टिकरण' के आरोपों को संतुलित किया जा सके।

❑ **भाजपा हमलावर**

भाजपा नेताओं ने इसे तृणमूल की 'हिंदू वोटरों को बरगलाने की कोशिश' करार दिया है। पार्टी नेता कहते हैं कि तृणमूल कांग्रेस मजहबी संतुलन दिखाने की कोशिश में केवल चुनावी नाटक कर रही है, जबकि असली आस्था की भावना भाजपा के साथ है।

❑ **तृणमूल का जवाब**

दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस के मंत्री बेचा राम मन्ना ने पलटवार करते हुए कहा कि उनकी पार्टी सभी धर्मों का सम्मान करती है और जगन्नाथ यात्रा बंगाल की संस्कृति का भी हिस्सा है। उनका दावा है कि भाजपा केवल धर्म का इस्तेमाल कर ध्रुवीकरण की राजनीति करती है।

❑ **क्या कहते हैं जानकार?**

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि यह प्रतिस्पर्धा हिंदू मतदाताओं की नाराजगी दूर करने और समर्थन पाने की दौड़ है।

'तृणमूल अब समझ चुकी है कि केवल अल्पसंख्यकों के भरोसे सत्ता बरकरार नहीं रह सकती।'

## योग दिवस पर सुकांत मजूमदार ने पीएम मोदी के उद्धरण का किया इस्तेमाल



**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक उद्धरण का उल्लेख करते हुए योग को लेकर विशेष संदेश जारी किया। उन्होंने शनिवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर प्रधानमंत्री का वीडियो साझा करते हुए लिखा है कि आइए हम सभी मिलकर योग को एक जनआंदोलन बनाएं। अपने संदेश में डॉ. सुकांत मजूमदार ने लिखा कि यह एक ऐसा आंदोलन है जो विश्व को शांति, स्वास्थ्य और सौहार्द की ओर ले जाता है। ऐसा आंदोलन, जिसमें हर व्यक्ति दिन की शुरुआत योग से करता है और अपने जीवन में संतुलन खोजता है। हर समाज जब योग से जुड़ता है, तो तनावमुक्त होता है। योग संपूर्ण मानवता को एक सूत्र में जोड़ने वाला माध्यम बनता है। और तब योग एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिए वैश्विक संकल्प में बदल जाता है। योग दिवस के इस अवसर पर सुकांत मजूमदार ने यह भी कहा कि भारत ने योग के जरिए पूरे विश्व को स्वास्थ्य और मानसिक शांति का रास्ता दिखाया है। उन्होंने आम लोगों से आह्वान किया कि वे योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और इसे एक सामाजिक आंदोलन के रूप में अपनाएं।

## पत्नी की बेवफाई से आहत युवक ने की आत्महत्या, सोशल मीडिया पर लिखा दर्द भरा संदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के शांतिपुर बेलघरिया दो नंबर पंचायत के गबरचर इलाके में एक युवक ने पत्नी की कथित बेवफाई से आहत होकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान साधन विश्वास के रूप में हुई है, जो लंबे समय से परिवार के भरण-पोषण के लिए दूसरे राज्य में निर्माण कार्य करता था। बताया गया है कि हाल ही में, साधन विश्वास को अपनी पत्नी के विवाहेतर संबंधों की जानकारी मिली। आरोप है कि उसकी पत्नी का संबंध स्थानीय राजनीतिक रूप से प्रभावशाली व्यक्ति गौरांग मित्रा से था, जो पूर्व पंचायत चुनाव में तृणमूल कांग्रेस का पराजित प्रत्याशी रह चुका है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, साधन विश्वास को सोशल मीडिया के जरिये कई तस्वीरें और



वीडियो रीलें मिली थीं, जिनसे उसे इस कथित रिश्ते का पता चला। इसके अलावा, आसपास के लोगों और रिश्तेदारों से भी उसे इस बारे में सूचनाएं मिलती रहीं। बताया जा रहा है कि इन कारणों से वह बीते कई दिनों से मानसिक तनाव में था। जानकारी के मुताबिक, साधन विश्वास गत शुक्रवार को अपने घर लौटा था। देर रात पत्नी से इस विषय पर लंबी बातचीत के बाद जब सभी सो गए तो उसने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से अपने आत्महत्या का कारण सार्वजनिक किया। पोस्ट में उसने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी और गौरांग मित्रा के अवैध संबंधों ने उसके परिवार को तोड़ दिया। उसने लिखा कि वह पत्नी को इस रिश्ते से 'मुक्ति' दिलाने के लिए दुनिया छोड़ रहा है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि, मृतक के परिजनों ने अभी तक कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है। परिवार का कहना है कि वे इस मामले में निर्णय लेने से पहले आपसी विचार-विमर्श करेंगे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पोस्ट भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि आत्महत्या के कारणों की पूरी जानकारी मिल सके।

## महाराजा अग्रसेन धाम का मेधा सम्मान समारोह आज

**कोलकाता :** पूर्वी भारत के अग्रवाल समाज की प्रतिनिधि संस्था महाराजा अग्रसेन धाम द्वारा आज कला मंदिर में आयोजित सारस्वत समारोह में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए संस्था के मंत्री निर्मल सराफ ने बताया कि माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, सी.ए, सी.एस. एम.कॉम, इंजीनियरिंग, मेडिकल तथा यूपीएससी आदि विविध विधाओं में उच्च अंकों से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को विभूषित किया जाएगा। बाल व्यास श्रीकान्त शर्मा के सानिध्य में आयोजित होने वाले समारोह में समाज के गणमान्य जन विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। अग्र मेधा सम्मान को लेकर समाज के लोगों में व्यापक उत्साह है। आयोजन की सफलता हेतु अध्यक्ष ओम जालान, उपाध्यक्षद्वय मुरारीलाल दीवान, दीपक अड़ूकिया, सह मंत्री द्वय भगवानदास अग्रवाल, अशोक चूड़ीवाला, कोषाध्यक्ष श्यामसुन्दर अग्रवाल एवं सह कोषाध्यक्ष द्वय दीपक अग्रवाल अनिल केडिया सहित समस्त कार्यकारिणी टीम व कार्यकर्तागण सक्रिय हैं। इस आयोजन हेतु महिला समिति की अध्यक्षा सुमन जालान, उपाध्यक्ष सुनीता अड़ूकिया, स्वाति अग्रवाल, मंत्री सरिता सराफ, सह मंत्री द्वय बीना चूड़ीवाला, बबीता दीवान, कोषाध्यक्ष निर्मला अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष ममता केड़िया, सुलेखा बगड़िया सहित महिला समिति टीम भी सक्रिय है। मंच संचालन का दायित्व प्रकाश चण्डालिया निभाएंगे।

## श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा ने एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी के तीन वर्ष पूरे होने का मनाया जश्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा ने अपने प्रमुख संस्थान, एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी का तीसरा स्थापना दिवस भव्यता और उद्देश्य के साथ मनाया। इस समारोह में टीटी ग्रुप के चेयरमैन और जाने-माने परोपकारी डॉ. रिखब चंद जैन ने भाग लिया। श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा के अध्यक्ष सरदारमुल्ल कांकरिया ने उनका अभिवादन किया। समारोह की शुरुआत छात्रों द्वारा संगीत, नृत्य और थिएटर के सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई, जिसमें एकता, रचनात्मकता और उत्कृष्टता के मूल विषयों को दर्शाया गया। सभा ने शुभचिंतकों पन्ना लाल कोचर, डॉ. रिखब चंद जैन, राजेंद्र सेठिया और प्रदीप जयदीप पटवा को सम्मानित किया।

इस स्थायी विरासत की नींव रखने वाले संस्थापकों और दूरदर्शी लोगों को




विशेष श्रद्धांजलि दी गई। सरदारमल्ल कांकरिया ने एक आधुनिक शिक्षण केंद्र की स्थापना की दृष्टि शुरू की। प्रिंसिपल डॉ. जयीता गांगुली के नेतृत्व में उस दृष्टि को एक गतिशील शैक्षिक वास्तविकता में बदल दिया गया, जो एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी को जुनून और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ा रही हैं। अपने संबोधन में, अध्यक्ष सरदारमल्ल कांकरिया ने कहा कि हमारी सभा की यात्रा हमेशा निस्वार्थ सेवा में निहित रही है। एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी सिर्फ एक स्कूल नहीं है; यह कालातीत मूल्यों के साथ मिश्रित आधुनिक शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमारे पूर्व छात्रों की सफलता और हमारे छात्रों की भावना इस बात की पुष्टि करती है कि हमारी विरासत सही हाथों में है।

# बीरभूम में गैंगवार के बाद बम विस्फोट में दो लोगों की मौत, कई घायल

**बीरभूम :** जिले के लाभपुर थाना अंतर्गत हथिया गांव में शनिवार की सुबह हुए बम विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई। बताया गया है कि गांव में लंबे समय से चल रहे वर्चस्व विवाद के चलते शुक्रवार रात से ही दो पक्षों के बीच छिटपुट हिंसा जारी थी, जो शनिवार को बम धमाके के साथ और गंभीर हो गई। सूत्रों के मुताबिक, हथिया गांव नकली सिक्के बेचने के लिए कुख्यात रहा है। बीते कुछ समय से गांव के दो गुटों के बीच इस इलाके पर कब्जे को लेकर तनातनी चल रही थी। एक पक्ष का नेतृत्व तृणमूल कांग्रेस नेता शेख मोइनुद्दीन और उसके सहयोगी शेख मुस्तफी कर रहे थे, जो करीब छह महीने बाद गांव लौटने की कोशिश कर रहे थे। वहीं, दूसरा पक्ष नकली



सिक्का गिरोह के मुखिया शेख मोनिर के नियंत्रण में बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की शाम शेख मोइनुद्दीन व उसके साथी गांव में घुसने का प्रयास कर रहे थे, जिसे मोनिर के लोगों ने नाकाम कर दिया। इस दौरान, हटिया बस स्टैंड के पास दोनों गुटों के बीच झड़प भी हुई। देर रात तक यही स्थिति बनी रही। इस दिन, सुबह करीब 7 बजे मोइनुद्दीन और मुस्तफा एक बार फिर अपने समर्थकों के साथ गांव पहुंचे, तभी मोनिर गुट के लोग चटिम तालाब के पास कथित रूप से बम बना रहे थे। उसी दौरान एक बम विस्फोट हो गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। धमाके में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में स्थानीय निवासी रेजाउल खान के भतीजे और तृणमूल नेता शेख बादल का बेटा शामिल है। अन्य घायल व्यक्तियों को इलाज के लिए पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, विस्फोट के बाद मृतकों के शवों को गांव से दूसरी जगह ले जाया गया। स्थिति इतनी तनावपूर्ण रही कि सुबह 11 बजे तक पुलिस गांव में प्रवेश नहीं कर सकी। फिलहाल, गांव में भारी पुलिस बल तैनात है। जिला पुलिस अधीक्षक अमनदीप ने बताया कि बम विस्फोट

## समुद्र में डूबा मछली पकड़ने वाला ट्रॉलर, 13 मछुआरे सुरक्षित बचाए गए



**कोलकाता :** समुद्र में मछली पकड़ने के दौरान एक बड़ा हादसा टल गया। शनिवार को नामखाना के 10 माइल घाट से मछली पकड़ने के लिए निकला एफ.बी. साकिला नामक ट्रॉलर समुद्र में डूब गया। ट्रॉलर में कुल 13 मछुआरे सवार थे, लेकिन सौभाग्यवश सभी को सुरक्षित बचा लिया गया। मछुआरा संगठन से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना जम्बूद्वीप से लगभग चार घंटे दूर समुद्र में घटी। मछली पकड़ने के दौरान अचानक ट्रॉलर की नीचे की पटरी (पाटातन) फट गई, जिससे ट्रॉलर में तेजी से पानी भरने लगा। उस समय समुद्र काफी उत्ताल और अशांत था, जिससे ट्रॉलर डूब गया। घटना के समय आसपास मौजूद अन्य ट्रॉलर के मछुआरों ने स्थिति को भांपते ही तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और सभी 13 मछुआरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। अब उद्धारित मछुआरों को तट की ओर लाया जा रहा है और डूबे हुए ट्रॉलर को भी खींचकर किनारे लाने की कोशिश की जा रही है। इस साहसिक और त्वरित बचाव कार्य के लिए स्थानीय मछुआरा समुदाय की सराहना की जा रही है।



**वार्ड 32 के पार्षद सांति रंजन कुंडु को एक बार फिर उत्तर कोलकाता जिला तृणमूल युवा कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने पर उनका स्वागत करते वार्ड 42 तृणमूल युवा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक निगानिया, अनिल मिश्रा, लालू मिश्रा, दीपक सिंह और आलोक उपस्थिति रहे।**

## दासनगर से बच्चे के अपहरण का आरोप, मां के बयान पर उठ रहे सवाल

**हावड़ा :** हावड़ा के दासनगर इलाके से 8 वर्षीय अंशुमान सिंह के अपहरण का आरोप सामने आया है। उसकी मां संगीता सिंह का दावा है कि वह अपने दो बेटों के साथ डोमजुड़ से दासनगर आई थीं और बालिटिकुरी इलाके में अचानक एक सफेद कार उनके छोटे बेटे को उठा ले गई। पुलिस जांच में जुटी है, लेकिन संगीता के बयान में असंगतियां मिलने के कारण पुलिस झूठे अपहरण की आशंका से इनकार नहीं कर रही है। जॉइंट सीपी सबरी राजकुमार समेत वरिष्ठ अधिकारी दासनगर थाने पहुंचे हैं। पुलिस का कहना है कि संगीता ने एक मां के तौर पर अपहरण की स्थिति में अपेक्षित व्यवहार नहीं किया।

## हावड़ा ब्रिज पर भाजपा का विरोध प्रदर्शन, यातायात हुआ प्रभावित, पुलिस से हुई झड़प

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार की गिरफ्तारी के विरोध में हावड़ा ब्रिज की ओर मार्च किया। बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक हावड़ा बस स्टैंड के पास एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए ब्रिज की ओर बढ़ने लगे। पुलिस ने उन्हें ब्रिज के प्रवेश द्वार पर ही बैरिकेड लगाकर रोक दिया, जिसके बाद कार्यकर्ता वहीं सड़क पर बैठ गए और टायर जलाकर विरोध शुरू कर दिया। करीब 15 मिनट तक एक लेन में यातायात पूरी तरह ठप रहा, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी हुई। जाम के कारण पुल पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शन के दौरान भाजपा समर्थकों और पुलिस के बीच हल्की झड़प और धक्का-मुक्की भी देखी गई। स्थिति को संभालने के लिए हावड़ा सिटी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) की टीम मौके पर तैनात की गई थी। डीसीपी नॉर्थ बिशप सरकार ने कहा कि हावड़ा ब्रिज जैसे अति व्यस्त स्थान पर नाकेबंदी की अनुमति नहीं दी जा सकती। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



## हावड़ा के बिस्किट फैक्ट्री के कर्मी की हत्या मामले में एक गिरफ्तार, छह दिन की पुलिस हिरासत

❑ **दो अज्ञात लोगों की तलाश में जुटी पुलिस**

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बिस्किट फैक्ट्री के कर्मी नैहाटी निवासी अनिमेष मित्रा की हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम अभिषेक सोनकर है। वह हावड़ा के गोलाबाड़ी का निवासी है। शनिवार को अभिषेक को जब कोर्ट में पेश किया गया तो जज ने उसे छह दिन की पुलिस हिरासत का आदेश दिया। सूत्रों का कहना है कि आरोपी अनिमेष उसका परिचित था। पुलिस इस घटना में और दो अज्ञात लोगों की तलाश कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अनिमेष कभी-कभी कंपनी के काम से अभिषेक के लिए बिस्किट लाता था। लापता होने से पहले अनिमेष को आखिरी बार अवनि मॉल के पास काजीपाड़ा इलाके में देखा गया था। वह नजारा सीसीटीवी



कैमरे की फुटेज में दिखा था। उसमें देखा गया था कि अनिमेष दो युवकों के बीच बाइक पर बैठा था। अभिषेक वहीं खड़ा था। थोड़ी देर बाद उसे बाइक पर जाते देखा गया। अभिषेक को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर पुलिस को पता चला कि अभिषेक ने ही अनिमेष को अज्ञात व्यक्ति की बाइक पर बैठने के लिए कहा था। इसके बाद, जांचकर्ताओं ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस घटना में शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रही है। पुलिस को संदेह है कि अनिमेष के अपहरण और हत्या के पीछे अभिषेक का हाथ है। गौरतलब है कि शुक्रवार की सुबह बोलपुर के शिवतला में चेहरा बंधा एक युवक का शव बरामद हुआ था। बोलपुर पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि उसकी हत्या कर शव को इलाके में फेंक दिया गया था।

## वीवो ने लॉन्च किया वाई400 प्रो

**कोलकाता :** मल्टीफोकल पोर्ट्रेट एक्सपीरियंस एक एडवांस्ड एआई सूट के साथ वीवो, इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड, ने अपने नवीनतम वाई-सीरीज़ स्मार्टफोन वाई400 प्रो के लॉन्च की घोषणा की, जिसे उन उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो स्टाइल को पसंद करते हैं और परफॉर्मेंस की तलाश में रहते हैं। लॉन्च पर बोलते हुए, गीताज चन्नाना, हेड ऑफ कॉर्पोरेट स्ट्रैटेजी, वीवो इंडिया ने कहा, वाई400 प्रो के साथ, हमारा उद्देश्य है कि हम उपभोक्ताओं की मिड-रेंज स्मार्टफोन से जुड़ी अपेक्षाओं को फिर से परिभाषित करें। आज के यूज़र लगातार अपने सपनों का पीछा कर रहे हैं और ऐसी टेक्नोलॉजी की तलाश में हैं जो उनकी महत्वाकांक्षा और व्यक्तिगत पहचान को दर्शाए। हमारी समानांतर ड्रीमचेसर्स कैंपेन के माध्यम से, वीवो एक ऐसे जनरेशन के साथ गहरा कनेक्शन बना रहा है जो अपनी सफलता का रास्ता खुद बनाती है, जहां पहचान, महत्वाकांक्षा और अलग हटकर सपने देखने की हिम्मत को सेलिब्रेट किया जाता है। वाई400 प्रो उन सभी मूल्यों को दर्शाता है, जिन पर हमारे उपयोगकर्ता खरे उतरते हैं - स्टाइल, सब्स्टेंस और परफॉर्मेंस, वो भी एक स्लीक डिवाइस में।

## एमसीएक्स कॉपर पर मोतीलाल ओसवाल की खरीद की सलाह, लक्ष्य 915

**कोलकाता :** मोतीलाल ओसवाल वेल्थ मैनेजमेंट ने अपनी पाथफाइंडर - कॉपर रीसर्जेन्स रिपोर्ट में एमसीएक्स कॉपर को 915 के लक्ष्य और 855 के स्टॉपलॉस के साथ 880- 882 के दायरे में खरीदने की सलाह दी है। रिपोर्ट के अनुसार, 18 जून को कॉपर ने दैनिक चार्ट पर अवरोही ट्रेंड लाइन का ब्रेकआउट दिया है, जो तेजी की पुष्टि करता है। उच्चतर उच्च और उच्चतर निम्न कीमतों के अनुक्रम के साथ 14-अवधि आरएसआई 60 से ऊपर बना हुआ है। एलएमई कॉपर के लिए, 9,725- 9,715 के स्तर पर $10,080 के लक्ष्य और $9,420 के स्टॉपलॉस के साथ खरीद की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि मई 2025 से कॉपर की कीमतें तेजी के संकेत दे रही हैं और आरएसआई भी 50 से ऊपर बना है। मोतीलाल ओसवाल के ग्रुप सीनियर वीपी नवनीत दमानी के अनुसार, इन्वेंटरी की कमी, खनन में बाधा और कमजोर डॉलर इंडेक्स कॉपर को सपोर्ट दे रहे हैं, हालांकि चीन से कमजोर आयात और संभावित अमेरिकी टैरिफ कीमतों को अस्थिर कर सकते हैं। तकनीकी और बुनियादी आधार पर 4-5% की बढ़त की संभावना जताई गई है।

# गुजरात का अति प्राचीन अम्बाजी मंदिर

डा. घनश्याम बादल

आपको एक ऐसे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं जो देश के पश्चिमी हिस्से गुजरात में मौजूद है। गुजरात और राजस्थान की सीमा पर बनासकांठा जिले की दांता तालुका में बना यह मंदिर है अम्बाजी का मंदिर ।

माना जाता है कि मां अम्बाजी मंदिर लगभग बारह सौ साल पुराना है। इस मंदिर के जीर्णोद्धार का काम 1975 से शुरू हुआ था जो अब भी जारी है। श्वेत संगमरमर से निर्मित यह मंदिर बेहद भव्य है। मंदिर के एक सौ तीन फुट ऊंचे शिखर पर 358 स्वर्ण कलश सुसज्जित हैं।

मां अम्बा-भवानी के शक्तिपीठों में से एक इस मंदिर के प्रति मां के भक्तों में अपार श्रद्धा है। मंदिर के गर्भगृह में मां की कोई प्रतिमा स्थापित नहीं है। शक्ति के उपासकों के लिए यह मंदिर बहुत महत्व रखता है।

इस बेहद प्राचीन मंदिर को 51 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। मान्यता के अनुसार यही वह जगह है जहां देवी मां सती का हृदय गिरा था। इसका उल्लेख 'तंत्रा चूड़ामणि' में भी मिलता है।

अंबाजी मंदिर में देवी मां का एक श्रीयंत्रा स्थापित है। इस श्रीयंत्रा को मंदिर के पुजारियों द्वारा कुछ इस प्रकार सजाया जाता है कि देखने वाले को लगे कि मां अम्बे यहां साक्षात विराजी हैं। अम्बाजी मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यहां पर भगवान श्रीकृष्ण का मुंडन संस्कार संपन्न हुआ था। वहीं भगवान राम भी शक्ति की उपासना के लिए यहां आ चुके हैं।

मंदिर से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर गब्बर नामक पहाड़ है। इस पहाड़ पर भी देवी मां का प्राचीन मंदिर स्थापित है। माना जाता है यहां एक पत्थर पर मां के पदचिह्न बने हैं। पदचिह्नों के साथ-साथ मां के रथचिह्न भी हैं।

हर साल भाद्रपद पूर्णिमा के मौके पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु जमा होते हैं। मंदिर में आने वाले श्रद्धालु पास में ही स्थित गब्बरगढ़ नामक पर्वत श्रृंखला पर भी जरूर जाते हैं जो इस मंदिर से दो मील दूर पश्चिम दिशा में स्थित है। प्रत्येक माह पूर्णिमा और अष्टमी तिथि पर यहां मां की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। एक और खास बात देश के कई दूसरे मंदिरों की तरह ही इस मंदिर में भी वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी निषेध है। आप इस मंदिर में मोबाइल या कैमरा अंदर नहीं ले जा सकते एवं एक से ज्यादा जगहों पर आप की चेकिंग की जाती है।

नवरात्रि में यहां का वातावरण आकर्षक और शक्तिमय रहता है। नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्रि पर्व में श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां माता के दर्शन के लिए आते हैं। इस समय मंदिर प्रांगण में गरबा करके शक्ति की आराधना की जाती है।

समूचे गुजरात से कृषक अपने परिवार के सदस्यों के साथ मां के दर्शन के लिए एकत्रित होते हैं। व्यापक स्तर पर मनाए जाने वाले इस समारोह में 'भवई' और 'गरबा' जैसे नृत्यों का प्रबंध किया जाता है। साथ ही यहां पर 'सप्तशती' का पाठ भी आयोजन किया जाता है। इसके अलावा यहां अन्य दर्शनीय स्थल भी हैं जिसमें सनसेट प्वाइंट, गुफाएं, माताजी के झूले आदि भी देखने योग्य स्थल है। मंदिर के प्रांगण में ही आपको वहां स्थित फोटोग्राफरों के माध्यम से फोटो प्राप्त हो सकते हैं जो इस प्रकार से खींचे जाते हैं कि आप के पृष्ठ में मंदिर का स्वर्ण कलश जरूर नजर आता है। यहां के फोटोग्राफर एक मूल्य पर आपको 5 से 15 मिनट में रंगीन फोटो दे देते हैं। मंदिर प्रांगण में ही पूजा से संबंधित एवं अन्य खरीदारी के सामान की पर्याप्त संख्या में दुकानें भी है जहां से आप मां अंबे से संबंधित साहित्य एवं श्रृंगार आदि की वस्तुएं खरीद सकते हैं।



पर हां, एक बात और ध्यान रखें। जब आप बाजार से होते में मंदिर जाते हैं तो रास्ते में ही आपको एस्कार्ट करने के लिए कुछ बाइक सवार मिल सकते हैं जो आपको बड़े प्रेम से मंदिर तक जाने का न केवल रास्ता बताते हैं अपितु वहां तक छोड़कर आने का भी प्रयास करते हैं मगर ये लोग पूर्णतः व्यवसायिक हैं और आपको एक निश्चित दुकान के सामने पार्किंग की सुविधा भी प्रदान कर सकते हैं मगर जब आप वहां से प्रसाद खरीदते हैं तो ठगे जाने का भी पूरा अंदेशा रहता है। हम लोग ही जब एक ऐसी दुकान से प्रसाद लेकर मंदिर में चढ़ाने के बाद वापस आए तो छोटी सी डलिया में दिए गए प्रसाद के 960 रूपये वसूल कर लिए गए, इसीलिए ऐसे लोगों से सावधान रहने की भी आवश्यकता है।

मंदिर प्रांगण के बाहर ही आपको जूते आदि रखने की व्यवस्था भी मिल जाएगी जहां आप अपनी मनमर्जी से शुल्क दे सकते हैं लेकिन बहुत कम शुल्क देने पर जूते रखने के स्थान पर लगे हुए कर्मचारी अजीबोगरीब व्यवहार भी कर सकते हैं मगर आप इन की परवाह न करके अपनी क्षमता अनुसार ही शुल्क दीजिएगा।

### कैसे पहुंचें-

गुजरात के बनासकांठा जिले में स्थित है यह अनोखा अम्बाजी मंदिर। यहां वर्षपर्यंत भक्तों का रेला लगा रहता है । अम्बाजी मंदिर गुजरात और राजस्थान की सीमा से लगा हुआ है। आप यहां राजस्थान या गुजरात जिस भी रास्ते से चाहें पहुंच सकते हैं। यहां से सबसे नजदीक स्टेशन आबू रोड का पड़ता है।

आप अहमदाबाद से हवाई सफर भी कर सकते हैं। अम्बाजी मंदिर अहमदाबाद से 180 किलोमीटर और माउंट आबू से 45 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। अंबाजी आने के लिए निकटतम हवाई अड्डा अहमदाबाद का सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटरनैशनल एयरपोर्ट है। यह अंबाजी मंदिर से करीब 186 किलोमीटर दूर है।

आबू रोड रेलवे स्टेशन यहां से 20 किलोमीटर दूर है। यहां आने के लिए यह निकटतम रेलवे स्टेशन है। यह स्टेशन दिल्ली समेत अन्य प्रमुख शहरों से जुड़ा हुआ है। अहमदाबाद से सड़क मार्ग से अंबाजी आसानी से पहुंचा जा सकता है। अहमदाबाद यहां से 185 किलोमीटर दूर है। इसके अलावा आबू रोड स्टेशन यहां से 20 किलोमीटर, माउंट आबू 45 किलोमीटर पालनपुर 45 किलोमीटर और दिल्ली 700 किलोमीटर दूर है। इन शहरों से भी यहां सड़क मार्ग से आया जा सकता है।

अगर आप अब गुजरात के बनासकांठा शहर में प्रमुख शक्तिपीठ अंबा माता मंदिर में दर्शन के लिए जाते है तो यह खबर खास तौर पर आपके लिए है । यहां के मंदिर प्रशासन ने नोटिस जारी कर उन युवक-युवतियों को चेताया है जो छोटे कपड़े पहन कर मंदिर में दर्शन की इच्छा से आते हैं। इस नोटिस के अनुसार उन्हें मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यहाँ के मंदिर प्रशासन ने परिसर में बरमूडा, स्कर्ट जैसे छोटे कपड़े पहनकर दर्शन करने आने पर प्रतिबंध लगाया है। मंदिर ट्रस्ट का कहना है कि मंदिर परिसर में मर्यादा बनी रहे तथा भारतीय संस्कृति का पालन हो।

मंदिर प्रबंधन का कहना है कि बरमूडा व स्कर्ट जैसे वस्त्रा पहनकर आने पर उन्हें प्रबंधन की ओर से धोती दी जाएगी, जिसे पहन कर ही मंदिर के अंदर प्रवेश करने दिया जाएगा और दर्शन करने देंगे।

इस बार जैसे ही घूमने फिरने का माहौल वापस लौटे और आपकी इच्छा धार्मिक स्थानों पर जाने की हो तो इस भव्य आकर्षक एवं देश के प्राचीनतम मंदिरों में शुमार अंबाजी मंदिर के दर्शन करने के लिए अवश्य ही जाएं और खास बात यह है कि इस मंदिर से केवल 60-65 किलोमीटर की दूरी पर ही देश की विश्व धरोहरों में शामिल पाटन में रानी की वाव और उस से करीब 25 किलोमीटर आगे मोढेरा में विश्व प्रसिद्ध सूर्य मंदिर भी स्थित हैं अतः एक ही पैकेज में आप कई मंदिरों के दर्शन का लाभ ले सकते हैं। (उर्वशी)

# मेकअप के तरीकों में छुपा है त्वचा का निखार



नीतू गुप्ता

वैसे तो नैन नक्श, गोरा वर्ण, सलोनी त्वचा ये सब तो प्रकृति की देन हैं पर कुछ चीजें इंसान पर भी निर्भर करती हैं। सुन्दर नैन नक्श वाली महिला यह सोचती रहे कि मैं तो देखने में अच्छी हूं और अपना ध्यान बिल्कुल न रखे तो क्या होगा? धीरे-धीरे प्रकृति भी साथ छोड़ देगी। इसलिए इंसान को भगवान प्रदत्त वस्तुओं को संभाल कर रखना चाहिए और अधिक ध्यान देकर उसमें निखार लाना चाहिए।

इसी प्रकार मेकअप भी एक कला है। यदि उस कला को समझते हुए सौंदर्य प्रसाधनों का प्रयोग किया जाए तो सोने पे सुहागा होता है। सबसे पहले हमें यह जानना चाहिए कि हमारी त्वचा का क्या स्वरूप है? तैलीय, ड्राई या नार्मल है तो उसी के अनुसार प्रसाधनों को खरीदकर प्रयोग में लाना चाहिए।

यदि आप प्रसाधनों का प्रयोग अंधाधुंध करेंगी तो ये आपकी त्वचा में निखार लाने के स्थान पर आपकी त्वचा को बिगाड़ देंगे। यदि आप अपनी त्वचा के अनुरूप मेकअप करती हैं तो आपकी पर्सनेलिटी और निखर जाएगी और त्वचा भी खिली खिली लगेगी।

यदि आपकी त्वचा ड्राई है तो त्वचा पर माश्चराइजर अधिक लगाएं और ऑयल बेस्ड प्रसाधनों का इस्तेमाल करें ताकि मेकअप के बाद त्वचा रूखी न दिखे।

यदि आपकी त्वचा ऑयली है तो वॉटर बेस्ड प्रसाधनों का प्रयोग करें और दिन में चेहरे को कई बार धोएं।

यदि त्वचा नार्मल है तो वाटर बेस्ड माश्चराइजर लगाएं। नार्मल स्किन पर जो प्रसाधन लगा सकते हैं, वही प्रॉडक्ट प्रयोग में लाएं।

### आंखों के लिए

आंखे चेहरे का वे हिस्सा हैं जो बिना कुछ कहे भी सब कुछ बोल देती हैं। इन पर विशेष ध्यान देकर आंखों की सुन्दरता को और बढ़ाया जा सकता है। यदि आंखों की त्वचा ड्राई है तो उस पर हल्की वैसलीन लगाएं। फिर उस पर क्रीम वाला आईशैडो लगायें।

यदि रात्रि में पार्टी में जा रही हैं तो आईशैडो पर शिमर डस्ट लगायें तो आप और अधिक ग्लैमरस लगेंगी। ऑयली त्वचा होने पर पाउडर बेस्ड आईशैडो लगाएं। नार्मल त्वचा पर पहले फाउंडेशन लगाएं, फिर आईशैडो लगाएं और ड्रेस से मैच करता मस्कारा लगाएं। सर्दियों में काजल का प्रयोग करें। गर्मियों में काजल न लगाएं क्योंकि पसीने से फैल जाता है।

### गालो के लिए

गर्मियों में गालों पर पाउडर वाले ब्लशर का इस्तेमाल करें। लिक्विड ब्लशर लगाने से पसीना ज्यादा आता है। ड्राई स्किन होने पर क्रीम बेस्ड और पाउडर ब्लशर का इस्तेमाल करें। ऑयली स्किन के लिए गालों पर पाउडर ब्लश लगायें। क्रीम ब्लशर से आयली स्किन और अधिक चिपचिपी लगती है।

### होंठों के लिए

सर्दियों में लिपस्टिक लगाने के बाद लिपग्लास लगायें। गर्मियों में लिपग्लास न लगायें। इसके प्रयोग से लिपस्टिक फैल जाती है। नार्मल लिप्स के लिए लिपस्टिक लगाने से 15 मिनट पहले लिप बाम लगायें, फिर लिपस्टिक। ड्राई लिप्स के लिए लिपस्टिक लगाने से थोड़ा पहले लिप बाम लगाएं। लिपस्टिक लगाते हुए प्रयास करें नेचुरल शेप देने की।

ऑयली लिप्स के लिए पहले होंठों पर बर्फ मलें। जब बर्फ का पानी सूख जाए तो लिप्स पर थोड़ा टेलकम पाउडर लगाएं। इसके बाद होंठों के बीच नैपकिन रख लें ताकि पाउडर निकल जाये। उसके बाद लिपस्टिक लगायें। ऐसा करने से लिपस्टिक अधिक समय तक साथ देगी।

### चिन के लिए

नार्मल स्किन के लिए पहले हल्का सा माश्चराइजर लगाएं, फिर फाउंडेशन लगाएं। ड्राई स्किन के लिए आयल बेस्ड माश्चराइजर लगाने के बाद फाउंडेशन लगाएं। ऑयली स्किन के लिए पहले मैटिफाइर लगाकर फाउंडेशन लगाएं नहीं तो मेकअप करने से पहले चेहरे पर बर्फ मल लें। इससे ऑयलीपन कम हो जाएगा। फिर फाउंडेशन लगाएं। मेकअप अधिक देर तक टिका रहेगा।

### नाक के लिए

यदि आपकी स्किन आयली है तो अपने साथ एब्जार्बेंट पेपर रखें ताकि समय समय पर फालतू आयल हट सके। नार्मल नोज़ स्किन पर पाउडर बेस्ड या क्रीम बेस्ड काम्पेक्ट पाउडर लगाएं। ड्राई नोज़ स्किन पर क्रीम बेस्ड काम्पेक्ट पाउडर लगाएं और ऑयली स्किन पर लूज़ पाउडर लगाएं।

### कुछ अन्य बातों पर भी ध्यान दें।

- गर्मियों में मेकअप करते समय ध्यान दें कि लिक्विड फार्म में प्रसाधनों का प्रयोग न करें।
- गर्मियों में हल्का मेकअप अच्छा लगता है।
- गर्मियों में मेकअप से पहले बर्फ अच्छी तरह लगाएं। इससे मेकअप ज्यादा समय लगा रहता है और पसीना जल्दी नहीं आता।
- गर्मियों में फाउंडेशन में कुछ बूंदें ठंडे पानी की मिला कर लगाएं। उसके बाद टेलकम पाउडर लगाएं क्योंकि पाउडर रोम छिद्रों को बंद कर देता है। इससे पसीना जल्दी नहीं आता। (उर्वशी)

# जरूरी है मां का बच्चों पर नियंत्रण

राजीव शर्मा



अनीता का आठ साल का बेटा सोनू अंदर कमरे में खेल रहा था और अनीता घर की साफ-सफाई करने में व्यस्त थी। जैसे ही वह कमरे में आयी तो उसने देखा कि सारा कमरा जिसे उसने अभी साफ किया था तथा सारा सामान जो उसने सलीके के साथ लगाया था, फैला पड़ा था। वह अस्त-व्यस्त कमरे को देखकर सोनू से बोली 'तू नहीं मानेगा। आज पापा को आने दे, उनसे तेरी शिकायत करूंगी।'

बच्चे का सारा समय, जब तक स्कूल नहीं जाता, घर पर ही गुजरता है तथा जब स्कूल जाने लगता है, तब भी उसका ज्यादातर समय घर पर ही गुजरता है। बच्चे के पिता अपनी नौकरी या व्यापार के संबंध में घर से बाहर ही दिन व्यतीत करते हैं। इस कारण बच्चे का अपनी मां के साथ समय ज्यादा गुजरता है।

मां घर पर रहती है इसलिए बच्चा क्या करता है तथा कोई गंदी बातें तो नहीं सीख रहा है, इन सब बातों का ध्यान मां को ही रखना चाहिए। अगर मां बच्चे पर ध्यान नहीं देती तो बच्चा शैतान हो जाता है। वह घर में ही नहीं, बाहर भी शैतानी कर सकता है, जिसकी वजह से मां को पास-पड़ोस तथा अन्य लोगों की शिकायतें सुननी पड़ती हैं।

अपने बच्चों की शिकायत आने पर अधिकतर मांएं बच्चे को कुछ न कहकर कहती हैं, 'पापा को आने दो।' मां का यह कहना गलत है। बच्चे की जिम्मेदारी पिता से ज्यादा मां पर होती है।

अगर बच्चा शैतानी करता है या उसकी कोई शिकायत आती है तो मां को चाहिए कि वह बच्चे को प्यार से समझाए, उसे डांटे, फटकारे और यदि बच्चा नहीं माने तो उसे कभी-कभी सजा भी देनी पड़ती है, मारना-पीटना भी पड़ता है। जो औरतें ऐसा करती हैं उनके बच्चे उनसे डरते हैं और उनका कहना मानते हैं।

बहुत-सी औरतें बच्चों के शैतानी करने पर उनसे कुछ नहीं कहतीं और पापा के आने पर कहने का डर दिखाती हैं और बाद में भूल जाती हैं या फिर पति के आफिस से आते ही बच्चे की शिकायत करना शुरू कर देती हैं। वे इस बात का भी ध्यान नहीं रखती कि पति थका हुआ काम से लौटा है। थका पति या तो अपनी पत्नी की बातों पर ध्यान नहीं देता या फिर गुस्से में बच्चे को पीट डालता है।

जो औरतें बच्चों से स्वयं कुछ न कहकर पापा का डर दिखाती हैं, उनके बच्चे उनसे नहीं डरते। इससे बच्चा ज्यादा शैतान होता जाता है।

इसलिए यदि वे बच्चों को एक अच्छा इंसान बनाना चाहती हैं तो स्वयं ही उनको बच्चों पर नियंत्राण रखना चाहिए। इतना अनुशासन तथा डर बच्चे पर अपनी मां का होना ही चाहिए जिससे कि वह आपकी बात माने। (उर्वशी)

# नाखूनों के नये अंदाज

शिखा चौधरी

इस सदी में हर महिला अपने सौंदर्य के प्रति बेहद जागरूक है। यह परिवर्तन धीरे-धीरे हुआ है। अब तो चेहरे, हाथ-पैरों के अलावा शरीर के छोटे से छोटे हिस्से को खूबसूरत बनाने का प्रयास किया जाता है। नाखून भी खूबसूरती बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण हैं।

पहले तो सिर्फ नेलपॉलिश लगाकर ही नाखूनों को सुन्दर बनाने का चलन था। पहले रेड, पिंक और ब्राउन शेड्स ही बाजार में उपलब्ध होते थे किंतु आजकल अनगिनत शेड्स बाजार में मौजूद हैं। आप अपने परिधान से मेल खाता नेल पेन्ट लगा सकती हैं।

आजकल बाजार में पील ऑफ नेलपॉलिश भी मौजूद है। इसे लगाने से नाखूनों में खास किस्म की चमक आती है। साधारणतया नेलपॉलिश को छुड़ाने के लिए रिमूवर की आवश्यकता होती है किंतु पील ऑफ नेलपॉलिश आप एक कोने से पकड़कर ही छुड़ा सकते हैं। जरूरत के अनुसार इस नेलपॉलिश का प्रयोग अच्छा रहता है।



नेलब्रश से नेलपॉलिश नाखूनों पर लगाई, अब इतने से काम नहीं चलता। नेल आर्ट आजकल खूब प्रचलित है जिसमें नाखूनों पर कला की जाती है। नेलआर्ट के लिए आजकल पेंट, जेम्स, स्टिकल्स, वाटरप्रूफ कलर, कलरफुल पाउडर आदि बाजार में उपलब्ध हैं। दो रंग की नेलपॉलिश से भी नाखूनों पर डिजाइन बनाया जा सकता है।

आजकल नेलपॉलिश को ज्यादा चमक देने के लिए ग्लिटर भी प्रयोग किये जाते हैं। नेलपॉलिश सूखने के बाद उन पर ग्लिटर लगाया जाये तो उनमें और चमक आ जाती है। बाजार में उपलब्ध विविध स्टिकल्स जैसे गोल्डन, सिल्वर आदि नाखूनों को खूबसूरत बनाने के लिए प्रयोग किये जाते हैं। नाखूनों पर खास तरह के जेम्स प्रयोग करने पर भी वे सुन्दर लगते हैं।

नाखूनों पर वाटरप्रूफ कलर से भी डिजाइन बनाकर उन्हें नया रूप दिया जाता है। धीरे-धीरे ऑटो क्रैक नेलपॉलिश लगाने का भी फैशन बढ़ रहा है। इसमें नाखूनों पर क्रैक्स पड़ जाते हैं। ये बेहद सुंदर लगते हैं। आर्टिफिशियल नाखूनों पर भी डिजाइनिंग करवाकर उन्हें खास मौकों पर प्रयोग किया जाता है। (उर्वशी)

# कैसे बनाएं स्वादिष्ट अचार

नरेंद्र देवांगन

कभी-कभी आपने किसी बहन को कहते सुना होगा कि क्या करूं, मेरे हाथ का अचार तो ठहरता ही नहीं, बहुत जल्दी खराब हो जाता है मगर सच्चाई यह है कि किसी के हाथ में कोई विकार नहीं होता। केवल निम्न सावधानियां अचार डालते समय और बाद में भी बरतनी चाहिए:



- जिस भी फल या सब्जी का अचार डालना हो, वह फ्रेश और अच्छी हालत में हो।
- जिस जार में अचार डालना हो, उसे गरम पानी से भली प्रकार धो कर सूखे कपड़े से पोंछें और कुछ देर पंखे के नीचे रखें। फिर सिरके में कपड़ा भिगो कर जार में सब ओर चुपड़ दें। जार कांच का हो तो बेहतर है। उसमें से आपको दिखता रहेगा कि कहीं कुछ गड़बड़ तो नहीं है। प्लास्टिक के जार का प्रयोग न करें क्योंकि उससे रिएक्शन हो सकता है।
- अचार को धूप दिखाने के बाद शाम को अंदर अवश्य रखें वरना दिन भर की प्राप्त हुई सौर ऊर्जा रात की ठंडक से बेकार हो जाएगी।
- मीठी चटनी या मुरब्बा आदि को खुला रख कर ही ठंडा होने दें क्योंकि भाप से ढक्कन पर बनी बूंदें उन्हें खराब कर सकती हैं।
- सभी मसाले साफ करके पहले से तैयार रखें। उन्हें कड़ाही में हल्का सा भून लें। इससे नमी होने की संभावना नहीं रहती।
- तेल खूब गरम करने के बाद बिल्कुल ठंडा करके ही डालें।
- अचार तेल में डूबा रहना चाहिए। उसे दबादबा कर जार में भरें। सूखे चम्मच से ही अचार निकालें।
- थोड़ा अचार किसी छोटी शीशी में निकाल कर रखें। बार-बार जार को नहीं खोलना चाहिए। बच्चों को अचार न निकालने दें क्योंकि वे जार में गीला व जूठा चम्मच डाल सकते हैं।
- अचार में नमक भी थोड़ा गरम करके (सूखे तवे पर भून कर) डालें। इससे नमी से बचाव होगा। 3 हिस्से साधारण नमक व 1 हिस्सा काला नमक डालने से अचार का स्वाद बढ़ जाएगा।
- तुरंत खाने वाला अचार बनाने के लिए इमली को सिरके में भिगो दें। फिर मसल कर गूदा निकालें और फिर उसे अचार में मिलाएं। इससे अचार अगले दिन तक खाने लायक हो जाता है।
- मीठी अचारी चटनियां बनाने के लिए चीनी की जगह गुड़ का प्रयोग ज्यादा अच्छा रहता है क्योंकि गुड़ में पौष्टिक गुण अधिक होते हैं।
- गुड़ वाले अचार या चटनी में सफेद सिरका व चीनी वाले में ब्राउन सिरका डालें। इससे रंग अच्छा आएगा।
- पुराने जैम को मीठी चटनियों में इस्तेमाल करें। आम, पाइनएपल व मिक्सफ्रूट जैम किसी भी चटनी में डाले जा सकते हैं। (उर्वशी)

# कैसे होते हैं परफेक्ट दंपति?

अंजलि रूपरेला

शादी के कुछ दिनों या महीनों तक पति पत्नी प्यार में सराबोर रहते हैं लेकिन जैसे जैसे उनके वैवाहिक संबंध की उम्र बढ़ती जाती है, इस रोमांस का सिलसिला थम कर एक रूटीन बन जाता है और फिर किसी खास अवसर जैसे शादी की सालगिरह या जन्मदिन जैसे अवसरों पर यदि इस में कुछ उफान आता है भी तो वह भी क्षणिक होता है जबकि दांपत्य संबंधों में मधुरता बनाए रखना बहुत जरूरी है।

रोमांस के पल न केवल आप के रिश्ते को मजबूत करते हैं बल्कि नीरस रूटीन लाइफ को बदल आप के रिश्ते को उमंग व उल्लास से भी भर देते हैं। आखिर कैसे होते हैं परफेक्ट दंपति जो ताउम्र करते हैं परफेक्ट रोमांस और बनाए रखते हैं अपने रिश्ते में एक प्यार भरी ताजगी। आइए जानें-



- परफेक्ट दंपति एक दूसरे के जन्मदिन पर विश करना और फूलों का उपहार देना कभी नहीं भूलते।
- शादी की सालगिरह पर देते हैं एक दूसरे को सरप्राइज गिफ्ट और साथ ही करते हैं कैंडल लाइट डिनर (यह डिनर आप अपने घर पर भी अरेंज कर सकते हैं। इसके लिए जरूरी नहीं कि आप किसी महंगे रेस्तरां या होटल के ही मेहमान बनें)।
- कभी कभी अचानक एक दूसरे को तोहफा भेंट करते हैं।
- परफ्यूम व कपड़ों के रंगों का चयन एक दूजे की पसंद के अनुरूप करते हैं।
- बीमारी या तकलीफ में अपने प्यार से एक दूसरे का मनोबल बढ़ाते हैं।
- सुखद रतिक्रीड़ा के बाद मुंह फेर कर सोने की बजाय आपस में अपने दांपत्य जीवन, खूबसूरत वर्तमान व भविष्य से संबंधित बातें करते हैं।
- अपनी इच्छा जबरदस्ती एक दूसरे पर थोपने की कोशिश नहीं करते बल्कि एक दूसरे की इच्छाओं की कद्र करते हैं।
- जब भी एक दूजे की बांहों में होते हैं तो केवल शारीरिक तौर पर ही नहीं बल्कि मानसिक तौर पर भी साथ रहते हैं और केवल अपने संबंधों अथवा स्वयं के विषय में ही बात करते हैं।
- रोमांटिक फिल्म देखने जाते हैं।
- कभी-कभी एक दूजे की मनपसंद शापिंग भी करते हैं।
- बच्चों की जिम्मेदारी व देखरेख मिलजुल कर करते हैं।
- एक दूसरे की शारीरिक साफ सफाई के प्रति सजग रहते हैं।
- पति यदि आफिस का काम घर पर ले आता है तो पत्नी सेक्रेटरी बन जाती है।
- जब कभी लंच या डिनर पर बाहर जाते हैं तो साड़ियों या बास की बातें करने की बजाय एक दूसरे के साथ गुजारे अच्छे लम्हों को याद करके उस वक्त को भी यादगार बनाने का प्रयास करते हैं।
- शादी विवाह या पार्टी के अवसरों पर कपड़ों के चयन में एक दूसरे की मदद करते हैं।
- जब भी शहर से बाहर अकेले घूमने जाते हैं तो जीवन साथी के लिए कोई न कोई तोहफा जरूर लाते हैं क्योंकि रोमांस एक अनुभूति है। ऐसे मौके पर आपके द्वारा लाई गई कोई भी भेंट इस बात का प्रतीक होता है कि अकेले होने पर भी आप अपने साथी के कितने करीब थे।
- जब भी एक दूसरे से दूर रहते हैं तो फोन द्वारा पत्रा या फिर ई-मेल द्वारा एक दूसरे को याद करते हैं।
- पति की वे आदतें जो पत्नी को पसंद नहीं, उन्हें प्यार से बदलने को मजबूर करते हैं। परफेक्ट पति पत्नी की तारीफ जरूर करता है जब वह उसकी हकदार हो।
- परफेक्ट पति वह है जो कहे कि तुम प्रेयसी कम पत्नी हो। परफेक्ट पत्नी वह जो माने कि आपके बिना उसकी हर खुशी अधूरी है और परफेक्ट रोमांस वह जो आपके जीवन को खुशियों से भर दें, सामीप्य के सुखद एहसास से भर दे। (उर्वशी)

## रेसिपी कार्नर
# जामुन शॉट्स




गर्मियों के मौसम में हर कोई ऐसी चीजों का सेवन करना चाहता है, जिससे स्वास्थ्य भी बेहतर रहे और शरीर को ठंडक भी मिले। ऐसे में हम आपको हर दिन नयी-नयी रेसिपी के रूबरू कराते हैं। इसी क्रम में आज हम आपको बताएंगे एक ऐसी ड्रिंक के बारे में जो आपके शरीर के लिए काफी लाभदायक है। यहां हम बात कर रहे हैं जामुन शॉट्स की, जो जामुन से तैयार होती है।

जामुन शॉट्स एक ठंडा शरबत या हेल्दी ड्रिंक होता है, जिसे शॉट ग्लास में सर्व किया जाता है। इसमें जामुन का खट्टा-मीठा स्वाद और मसालों का तड़का इसे खास बनाता है। इसमें पाए जाने वाले तत्व शरीर को आंतरिक ठंडक पहुंचाकर आपको तरोताजा करेंगे। दरअसल, इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन्स, और मिनरल्स पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं। तो बस बिना सोचे अपने घरवालों और मेहमानों के लिए इसे तैयार करें।

### जामुन शॉट्स बनाने का सामान

पके हुए जामुन - 1 कप
भुना हुआ जीरा - ½ टीस्पून
काला नमक - स्वादानुसार
नींबू का रस - 1 टीस्पून
पुदीने की पत्तियां - कुछ
बर्फ के टुकड़े
सोडा - ½ कप



### जामुन शॉट्स बनाने की विधि

जामुन शॉर्ट बनाने के लिए सबसे तो जामुन लाकर उसे अच्छी तरह से धो लें। ध्यान रखें कि ये बिल्कुल गंदे नहीं होने चाहिए। अब जामुन को धोकर उसका गूदा निकाल लें। ये सबसे कठिन काम होने वाला है।

आपको जामुन में से गूदा और गुठली को अलग कर देना है और फिर गूदे को एक कटोरी में निकाल लेना है। गूदा निकालने के बाद जामुन के गूदे में काला नमक, भुना जीरा और नींबू रस मिलाएं।

इसके बाद इसे मिक्सी में थोड़ा पानी डालकर ब्लेंड कर लें।इसके बाद अब एक शॉर्ट ग्लास के किनारों पर हल्का सा नमक चिपका लें, इससे सजावट अच्छी लगती है।

अब इस गिलास में बर्फ डालें, ऊपर से जामुन शॉट्स का मिश्रण डालें। इसके बाद स्वाद बढ़ाने के लिए आखिर में इसमें सोडा डालें। परोसने से पहले दो पत्ती पुदीने को गिलास के ऊपर रखें और सर्व करें।

### ये हैं फायदे

यदि गर्मी के मौसम में जामुन शॉट्स शरीर की कई परेशानियों को दूर करता है। जैसे कि ये पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है। इसके साथ-साथ जामुन ब्लड शुगर कंट्रोल में मददगार रहता है, इसलिए आप इसका सेवन शॉट्स के रूप में भी कर सकते हैं। ये आपके शरीर को गर्मी में बॉडी को ठंडक देता है।

# आर्थिक स्थिति किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई में बाधा नहीं बनेगी: मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि किसी भी विद्यार्थी की आर्थिक स्थिति उसकी पढ़ाई में बाधा न बनने पाए और यह सुनिश्चित करना हर संस्था का प्रमुख दायित्व है। मुख्यमंत्री योगी, शनिवार शाम को गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद (एमपीएसपी) की सभी संस्थाओं के प्रमुखों के साथ संस्थाओं की गतिविधियों व भावी कार्ययोजना की समीक्षा कर रहे थे। एक बयान के मुताबिक, योगी ने परिषद की सभी संस्थाओं के प्रमुखों का आह्वान किया कि वे अपनी दायित्व वाली संस्थाओं को समाज और राष्ट्र हित में युगानुकूल परिवर्तन



का वाहक बनाएं। उन्होंने बैठक में परिषद की हर संस्था के लिए उत्कृष्ट परिसर संस्कृति पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद सिर्फ स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय या अस्पताल खोलने वाली संस्था नहीं है बल्कि इसका ध्येय शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य सेव-ाओं के माध्यम से समाज तथा राष्ट्र के सामाजिक विकास में योगदान देना है। योगी ने कहा कि शिक्षकों को विद्यालय से संबंधित जो भी प्रभार जैसे स्वच्छता, अनुशासन आदि मिलें, उसे उत्साहपूर्वक स्वीकार कर मिसाल पेश करना चाहिए। उन्होंने संस्थापकों के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव रखने का मंत्र देते हुए कहा कि यह भाव आपकी संस्था और आपको आगे बढ़ाने में मददगार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यालय में सकारात्मक माहौल, परिसर को गंदगी मुक्त बनाना, स्वच्छ और सुंदर होना आवश्यक है।

## तन के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ बनाता है योग



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर कहा कि योगाभ्यास तन के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ बनाता है। लखनऊ समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में शनिवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल राजभवन में हुए कार्यक्रम में शामिल हुईं जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गाजियाबाद और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक लखनऊ में योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# बिहार सरकार ने वृद्धावस्था, विधवा पेंशन में प्रति माह 700 रुपये की बढ़ोतरी की

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं और दिव्यांगों की पेंशन में प्रति माह 700 रुपये की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री कुमार ने कहा कि जुलाई से लाभार्थियों को 1,100 रुपये की बढ़ी हुई पेंशन मिलेगी। कुमार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को अब हर महीने 400 रुपये की जगह 1100 रुपये पेंशन मिलेगी। उन्होंने लिखा, सभी लाभार्थियों को जुलाई महीने से पेंशन बढ़ी हुई दर पर मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी लाभार्थियों के खाते में यह राशि महीने की 10 तारीख को भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग की सचिव




वंदना प्रेयसी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, सरकार के इस निर्णय से लाभार्थियों को मदद मिलेगी और यह सुनिश्चित होगा कि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें, जो सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सामाजिक सुरक्षा को विकास प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पेंशन योजना के लाभार्थियों की कुल संख्या एक करोड़ नौ लाख से अधिक है। उन्होंने कहा, वृद्धजन समाज का अनमोल हिस्सा हैं और उनका सम्मानजनक जीवन-यापन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयत्नशील रहेगी। यह निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि राज्य में कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान में कई जगह जोरदार बारिश

**जयपुर :** दक्षिण पश्चिम मानसून की सक्रियता के चलते राजस्थान के अनेक इलाकों में जोरदार बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटे में सबसे अधिक 165 मिलीमीटर बारिश टोंक के निवाई में हुई। विभाग के अनुसार शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक से पहले के 24 घंटे के दौरान पूर्वी राजस्थान में अधिकांश स्थानों पर बारिश हुई, पश्चिम राजस्थान में भी अनेक स्थानों पर भी बादल बरसे। विभाग ने कहा कि इस दौरान सर्वाधिक बारिश निवाई (टोंक) में 165 मिलीमीटर रही, इसके अलावा जयपुर के चाकसू में 153 मिलीमीटर, सवाई माधोपुर के चौथ का बरवाड़ा में 139 मिलीमीटर, दौसा के सिकराय में 119 मिलीमीटर, बूंदी में 116 मिलीमीटर, कोटा में 115 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके अनुसार 21 जून को भी राज्य के कुछ भागों में बारिश का दौर जारी रहने तथा 22-23 जून को भरतपुर, जयपुर, कोटा संभाग में कहीं-कहीं भारी व अति भारी बारिश होने की संभावना है।

### बलिया में महिला ने जहर खाकर आत्महत्या की, पति और देवर गिरफ्तार

**बलिया (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के एक गांव में एक महिला ने कथित रूप से प्रताड़ना के चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को बताया कि मामले में शनिवार को महिला के पति और देवर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार फेफना थाना क्षेत्र के मिड्ढा गांव में बबीता (22) ने शुक्रवार को ससुराल के एक कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले में बबीता के पिता राजेंद्र प्रसाद की तहरीर पर पति पंकज कुमार तुरहा (28) और देवर सचिन (22) के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज करके दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने प्राथमिकी का हवाला देते हुए बताया कि उभांव थाना क्षेत्र के ससना बहादुरपुर के निवासी राजेन्द्र प्रसाद की बेटी बबिता की शादी पांच वर्ष पहले मिड्ढा गांव के पंकज कुमार तुरहा के साथ हुई थी।

# पूर्वोत्तर रेलवे में व्यापक स्तर पर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**गोरखपुर, समाज्ञा :** पूर्वोत्तर रेलवे में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम गोरखपुर स्थित रेलवे अधिकारी क्लब में अपर महाप्रबंधक श्री डी.के. सिंह के नेतृत्व



में आयोजित हुआ, जहां वरिष्ठ रेल अधिकारियों ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। योग प्रशिक्षकों डॉ. जयंत नाथ, बबिता और अनुपमा ने योग का प्रदर्शन किया। गोरखपुर के बहुविषयक प्रशिक्षण केंद्र, सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, रेलवे सुरक्षा बल प्रशिक्षण केंद्र, यांत्रिक कारखाना और रेलवे स्कूलों में भी योग सत्र आयोजित किए गए। अपर महाप्रबंधक सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग न केवल शरीर और मन को स्वस्थ रखता है, बल्कि सकारात्मक दृष्टिकोण भी विकसित करता है। उन्होंने रेलकर्मियों से आह्वान किया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं। योग प्रशिक्षक जयंत नाथ ने योग के स्वास्थ्य लाभों और बीमारियों से बचाव में इसकी भूमिका पर जानकारी दी।

# एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर आरेडिका में भव्य योग उत्सव

**रायबरेली, समाज्ञा :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका), रायबरेली में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर भव्य रूप से मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम गोमती इंडोर स्टेडियम में हुआ, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशाखापट्टनम से प्रसारित संबोधन के साथ योग शिविर का आयोजन हुआ। महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने योग के लाभों पर प्रकाश डालते हुए नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने परिसर में दो नए तालाबों का निरीक्षण व वृक्षार-



ोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। आरेडिका परिसर में कुल 8 स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें अधिकारी क्लब, हॉस्पिटल, सु-परवाइजर क्लब, केंद्रीय विद्यालय, वर्कर क्लब, सेंट्रल पार्क, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स आदि शामिल हैं। स्काउट-गाइड छात्रों द्वारा योग पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा की अगुवाई में महिलाओं के लिए अलग सत्र और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों में योग की भूमिका विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# बिहार में राज्यपाल, उपमुख्यमंत्रियों ने योग दिवस समारोहों का नेतृत्व किया

**पटना :** बिहार में शनिवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। राजधानी पटना में आयोजित मुख्य कार्यक्रमों में राज्यपाल आरिफ



मोहम्मद खान, दोनों उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। राजभवन की ओर से जारी बयान के अनुसार, राज्यपाल, राज्यपाल सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित शिविर में योगाभ्यास किया। मुंगेर योग विद्यालय और केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय के योग प्रशिक्षकों ने भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल के अनुसार उन्हें विभिन्न योग आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित राज्य सरकार के कई अन्य मंत्रियों और वरिष्ठ नौकरशाहों ने इस अवसर पर पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में योग सत्र में भाग लिया।

# पंजाब पुलिस ने पाक समर्थित बीकेआई आतंकी मॉड्यूल को किया नष्ट, एक गिरफ्तार, छह पिस्तौल जब्त

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने शनिवार को कहा कि उसने ब्रिटेन में रहने वाले धरम सिंह उर्फ धर्मा संधू द्वारा संचालित पाकिस्तान समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) आतंकी मॉड्यूल (टोली) को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने मॉड्यूल के एक स्थानीय कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से छह विदेशी पिस्तौल बरामद की हैं। डीजीपी ने बताया कि आरोपी की पहचान अमृतसर जिले के जलालुसमा गांव निवासी ओंकार सिंह उर्फ नवाब के रूप में हुई है तथा




उसके पास से चार नौ एमएम ग्लॉक पिस्तौल और दो .30 बोर पिस्तौल समेत कई हथियार जब्त किये गये हैं जो ड्रोन के जरिए सीमापार से भेजे गये थे। यादव का कहना है कि आतंकी मॉड्यूल धरम सिंह चला रहा था जो पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा का करीबी है। मॉड्यूल के व्यापक नेटवर्क का पता लगाने के लिए मामले की जांच जारी है। इस अभियान का विवरण साझा करते हुए अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि सटीक खुफिया जानकारी और समन्वय के बाद गिरफ्तारी की गई। यादव ने कहा, ''पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि ड्रोन के जरिए पहुंचाए गए हथियार विध्वंसकारी गतिविधियों के लिए थे।'' पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ओंकार सिंह राज्य को अस्थिर करने के लिए विदेशी संचालकों द्वारा सक्रिय किये गये 'स्लीपर सेल' का हिस्सा था।

# उप्र: पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक करने के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक करने के मामले में 2024 से फरार आरोपी अजय को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आदित्य बंसल ने संवाददाताओं को बताया कि पुलिस ने मुजफ्फरनगर जिले के शाहपुर थानाक्षेत्र से अजय को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शामली जिले का रहने वाला है। विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने अजय के खिलाफ 29 फरवरी, 2024 को मामला दर्ज किया था। अधिकारी ने बताया कि आरोपी पर 10,000 रुपये का इनाम था। राज्य सरकार ने प्रश्न पत्र लीक के आरोपों



के बाद पिछले वर्ष 17-18 फरवरी को आयोजित पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा को 24 फरवरी को रद्द कर दिया था और छह महीने के भीतर दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दिया था। परीक्षा में 48 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे। सरकार ने मामले की जांच विशेष कार्य बल (एसटीएफ) द्वारा किये जाने की घोषणा की थी।

# बिहार में प्रधानमंत्री मोदी की रैलियों पर अब तक 20 हजार करोड़ रुपये खर्च किये गए : तेजस्वी

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने 'पॉकेटमार' संबंधी अपना बयान शनिवार को जारी रखते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैलियों पर बिहार में अब तक 20,000 करोड़ रुपये खर्च किये गए हैं। भाजपा ने भी जवाबी हमला तेज कर दिया और राज्य की राजधानी में पोस्टर लगाए हैं, जिनमें लिखा है, ''मेरा बाप चारा चोर, मुझे वोट दो।'' तेजस्वी ने एक दिन पहले यह आरोप लगाते हुए सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की आलोचना की थी कि 'वंदे भारत' ट्रेनों के अत्यधिक किराये ने मोदी को पॉकेटमार जैसा बना दिया है। राजद नेता ने सोशल मीडिया पोस्ट में भी इसी तरह की बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में 2014 से अब तक मोदी की ''ऐसी 200 जनसभा'' हुई है, और ''प्रत्येक पर 100 करोड़ रुपये खर्च'' किये गए। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने दावा किया, ''इस अवधि के दौरान कुल खर्च 20,000 करोड़ रुपये हुए हैं, जिस दौरान पांच (लोकसभा के तीन और विधानसभा के दो) चुनाव भी हुए हैं...सरकार द्वारा ऐसी कई सभाएं आयोजित की गई हैं, जबकि उनका उद्देश्य स्पष्ट रूप से चुनावी रहा है।'' शुक्रवार को मोदी बिहार के सिवान जिले में थे, जो इस साल राज्य का उनका पांचवां दौरा था। यह एक महीने से भी कम समय में उनका दूसरा और प्रधानमंत्री बनने के बाद से ''51वां'' दौरा था। राज्य में आगामी महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं।

# बिहार के नालंदा जिले में बाढ़ जैसे हालात

**पटना :** बिहार के नालंदा जिले के कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, क्योंकि पड़ोसी राज्य झारखंड में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश के बाद फल्गू नदी में अचानक जलस्तर बढ़ने से कुछ छोटे बांधों के हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग (डीएमडी) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ''19 जून को फल्गू नदी में जलस्तर में अचानक वृद्धि के कारण अधिकारियों ने उदेरास्थान बैराज (जहानाबाद में) से 73,000 क्यूसेक पानी छोड़ा। बैराज से पानी छोड़े जाने



से कुछ छोटे बांधों के हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे नालंदा जिले के हिलसा, कराईपरसुराय और एकंगरसराय के कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई।'' संबंधित अधिकारी प्रभावित लोगों को भोजन के पैकेट और पीने के पानी सहित राहत सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं।

# समाज को शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ व अनुशासित बनाते हैं योग और खेल : राज्यपाल आनंदीबेन

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को कहा कि योग और खेल दो ऐसे प्रभावशाली माध्यम हैं जो समाज को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ तथा अनुशासति बनाते हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजभवन में उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह जीवनशैली, आत्मिक अनुशासन और सामूहिक कल्याण का मार्ग है। राजभवन से जारी बयान के अनुसार शनिवार को सुबह छह बजे राजभवन परिसर में स्थित बड़े लॉन में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास में शामिल होने के बाद



राज्यपाल ने योग के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं। ऐसे नागरिक न केवल अपने परिवार और समुदाय के लिए उपयोगी सिद्ध होते हैं, बल्कि हर दृष्टि से लोकहित में कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। हम सबका यह सामूहिक दायित्व है कि मिलकर देश को विकसित और सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा, ''योग और खेल दो ऐसे प्रभावशाली माध्यम हैं जो समाज को न केवल शारीरिक रूप से सशक्त, बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ व अनुशासित बनाते हैं।''

# बलिया में दहेज की मांग को लेकर नव विवाहिता की हत्या, ननद-जेठानी समेत तीन गिरफ्तार

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले के मनियर थाना क्षेत्र में एक नव विवाहिता की कथित तौर पर दहेज की मांग को लेकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि शनिवार को मृतका की दो जेठानी और एक ननद को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार मनियर थाना क्षेत्र के कोटवा गांव में नरेंद्र चौहान की पत्नी सपना (22) का शुक्रवार को ससुराल के एक कमरे में पंखे के हुक में दुपट्टे के फंदे से लटका शव मिला। मनियर थाना प्रभारी (एसओ) रत्नेश दूबे ने शनिवार को बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। एसओ ने बताया कि इस मामले में नव विवाहिता के नाना बब्बन चौहान की शिकायत पर पति नरेंद्र चौहान, ननद चम्पा देवी व दो जेठानियों पूजा देवी और रीना देवी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने दर्ज प्राथमिकी का हवाला देते हुए कहा कि सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के काजीपुर निवासी संतोष चौहान की पुत्री सपना की शादी हिंदू रीति-रिवाज से दो मार्च 2025 को मनियर थाना के कोटवां गांव निवासी नरेंद्र चौहान के साथ हुई थी। नाना बब्बन चौहान ने शिकायत में उल्लेख किया है, मेरे दामाद संतोष चौहान ने अपनी क्षमता के अनुसार दहेज ससुराल पक्ष को दिया था।

# योग को विश्व पटल पर पहुंचाने का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को: मुख्यमंत्री शर्मा

**जैसलमेर/जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का केवल आध्यात्मिक उत्थान ही नहीं हो रहा बल्कि वह दुनिया की एक प्रमुख आर्थिक और सैन्य ताकत के रूप में भी उभरा है। शर्मा ने कहा कि योग को विश्व पटल पर पहुंचाने का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जैसलमेर के खुड़ी 'सैंड ड्यून्स' में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित किया और स्थानीय लोगों के साथ योगाभ्यास किया। बाद में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का केवल आध्यात्मिक उत्थान ही नहीं हो रहा बल्कि आज देश विश्व की एक प्रमुख आर्थिक और सैन्य ताकत के रूप में भी उभरा है। उन्होंने कहा, ''देश की सैन्य ताकत की बानगी हाल में दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर में देखी है। हमारे वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुश्मन के छक्के छुड़ा के हम सबको गौरवा-न्वित किया है।'' उन्होंने कहा कि योग को विश्व पटल पर पहुंचाने का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। उनके प्रयासों से योग को वैश्विक लोकप्रियता प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी से प्रेरणा लेकर हम भी प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों को विकसित करने के लिए करीब 100 करोड़ रुपये के विकास के कार्य करने जा रहे हैं। इसमें जैसलमेर में तनोट माता मंदिर और रामदेवरा में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विकास कार्य किए जाएंगे।

# मौलाना ने इस्लाम में सूर्य नमस्कार को हराम बताया, मंत्री ने कहा- छोटी मानसिकता वाली बात

**बरेली/संभल (उप्र) :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने शनिवार को कहा कि सूर्य नमस्कार एक तरह से सनातन धर्म, यानी हिंदुओं का तरीका है, जो इस्लाम के हिसाब से हराम है। वहीं उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने रजवी पर पलटवार करते हुए कहा कि इससे अधिक छोटी मानसिकता वाली कोई बात नहीं हो सकती। इस बीच संभल से मिली खबर के मुताबिक योग दिवस पर संभल के विभिन्न मदरसों में भी योग किया गया, जिसमें मुस्लिम छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। योग में शामिल एक अतिथि ने कहा कि



इस्लाम में योग से कोई परहेज नहीं है। शनिवार सुबह दरगाह आला हजरत में स्थित ग्रांड मुफ्त हाउस में योग करने के बाद रजवी ने कहा, ''मैंने योग का समर्थन किया है, लेकिन सूर्य नमस्कार का विरोध किया है। सूर्य नमस्कार मुसलमान नहीं कर सकता।'' मौलाना ने कहा, ''हर औरत और आदमी को योग करना चाहिए। मदरसों और मस्जिदों में भी योगा होना चाहिए। मगर सूर्य नमस्कार, सूरज को देखकर सूरज को पूजना है। इस्लाम में इन तमाम चीजों की मनाही है। इस्लाम में सूरज को पूजना नाजायज है। इसलिए हमने सभी को सूर्य नमस्कार करने से मना किया है।'' रजवी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने जब मदरसों में योग दिवस मनाने का आदेश दिया तो कुछ मदरसों ने योग दिवस मनाया और ज्यादातर मदरसों ने ये कहकर विरोध किया कि योग सनातन धर्म की पहचान है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर शानदार तरीके से योग दिवस मनाएं। इस बीच, राज्य के मंत्री राठौर ने बरेली कॉलेज बरेली के मैदान में योग करने के बाद रजवी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, ''जैसे हमारा सूर्य सत्य है, वैसे ही सूर्य नमस्कार भी सत्य है।'' मुस्लिम धर्म गुरुओं के सूर्य नमस्कार का विरोध करने पर उत्तर प्रदेश सरकार के होमगार्ड राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि सूर्य नमस्कार एक प्राणायाम है, नमाज पढ़ी जाती है और उसमें भी प्राणायाम आता है और सूर्य को महत्व देना चाहिए। शनिवार को संभल जिले के चंदौसी के मझावली में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शामिल हुए मंत्री प्रजापति ने मुस्लिम धर्म गुरुओं द्वारा सूर्य नमस्कार का विरोध करने पर उन्हें नसीहत दी।

# सरकार ने 16 हजार से अधिक अमृत सरोवर बनाए, गोरखपुर में बने सर्वाधिक 735

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने जल संकट से निपटने और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से राज्य में 16,000 से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण किया है। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान से मिली। बयान के अनुसार यह कार्य मिशन अमृत सरोवर योजना के तहत किया जा रहा है जिससे न केवल पानी की उपलब्धता बढ़ायी जा रही है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती दी जा रही है। बयान के मुताबिक इस अभियान में गोरखपुर जिला सबसे आगे है, जहां 735 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया है। इसके अनुसार महराजगंज में 600 से अधिक तथा प्रयागराज में 523 अमृत सरोवर बनाकर जल संरक्षण को बढ़ावा दिया गया है। बयान के अनुसार आजमगढ़ और बाराबंकी भी इस पहल में प्रथम पांच जिलों में शामिल हैं। बयान के मुताबिक सरकार ने जलाशयों के विकास में समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित की है। इसके अनुसार गांववासियों, पंचायतों और स्थानीय संगठनों की मदद से यह पहल जमीनी स्तर पर उतरी है। इसके अनुसार इससे जल संरक्षण का यह अभियान एक सामाजिक आंदोलन का रूप ले सकेगा। बयान के मुताबिक जल संरक्षण की इस योजना ने ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को भी रोज-गार उपलब्ध कराया। बयान के मुताबिक तालाबों की खुदाई, सौंदर्यीकरण और रखरखाव में महिलाओं ने सक्रिय भूमिका निभायी तथा यह अभियान केवल जल प्रबंधन नहीं बल्कि आजीविका का साधन भी बना।

# पंत और बुमराह के जलवे के बीच ओली पोप ने शतक लगाकर इंग्लैंड को मैच में लौटाया



**लीड्स :** ऋषभ पंत के शानदार शतक के बाद जसप्रीत बुमराह ने अपनी तेज गेंदबाजी का जलवा दिखाया लेकिन ओली पोप के सैकड़े की मदद से इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को तीन विकेट पर 209 रन बना लिये। पोप 100 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि हैरी ब्रूक ने अभी खाता नहीं खोला है। भारत के पहली पारी के स्कोर 471 रन से इंग्लैंड अभी 262 रन पीछे हैं। ब्रूक भाग्यशाली रहे कि आखिरी ओवर में बुमराह की जिस गेंद पर मोहम्मद सिराज ने उनका कैच लपका, वह नो बॉल करार दी गई। इंग्लैंड के सभी बल्लेबाजों को बुमराह ने परेशान किया हालांकि सर्रे के लिये काउंटी क्रिकेट खेलने वाले पोप ने उनका डटकर सामना किया। बुमराह ने पहले ही ओवर में जाक क्राउली (चार) को आउट करके इंग्लैंड को अच्छी शुरूआत करने से रोक दिया था। क्राउली पहली तीन गेंदों पर भी असहज दिखे और चौथी गेंद पर पहली स्लिप में करूण नायर को कैच दे बैठे। बेन डकेट (94 गेंद में 62 रन) ने पोप के साथ दूसरे विकेट के लिये 122 रन जोड़े। बुमराह को सातवें ओवर में एक और विकेट मिल जाता लेकिन रविंद्र जडेजा ने बैकवर्ड प्वाइंट पर डकेट का कैच उस समय छोड़ा जब वह 15 रन पर थे। दूसरे छोर से मोहम्मद सिराज अनुशासित गेंदबाजी नहीं कर सके और कई फालतू रन दिये। तीसरे तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने भी बल्लेबाजों को खुलकर खेलने के मौके दिये। बुमराह ने अपने तीसरे स्पैल में डकेट को रवाना करके इंग्लैंड की रनगति पर अंकुश लगाया। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर को गेंद सौंपने में काफी देर की और उन्हें आखिरकार 34वें ओवर में बुलाया गया। सिराज की गेंद पर जो रूट डीआरएस का इस्तेमाल करने के बाद पगबाधा होने से बचे। दूसरी ओर पोप ने बुमराह की गेंद पर एक रन लेकर शतक पूरा किया। बुमराह ने रूट को सही समय पर आउट करके तीसरे विकेट के लिये 80 रन की इस साझेदारी को जोड़ा। इससे पहले पंत ने शानदार शतक लगाया और गिल ने कैरियर का सर्वोच्च टेस्ट स्कोर बनाया लेकिन इंग्लैंड ने सात विकेट 112 रन के भीतर चटकाकर भारत को 471 रन पर आउट कर दिया। कप्तान गिल 147 और उपकप्तान पंत 134 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने अपने कल के स्कोर तीन विकेट पर 359 रन से आगे खेलना शुरू किया था।

### सर्वाधिक टेस्ट शतक जड़ने वाले भारतीय विकेटकीपर बने पंत, धोनी को पछाड़ा

ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को कैरियर का सातवां टेस्ट शतक लगाकर महेंद्र सिंह धोनी को पछाड़ा। इस उपलब्धि के लिए महान बल्लेबाजों सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर ने पंत की सराहना की। पंत ने भारतीय पारी के सौवें ओवर की पहली गेंद पर शोएब बशीर को छक्का लगाकर इस आंकड़े को छुआ। यह सितंबर 2024 के बाद उनका पहला शतक है जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 109 रन बनाये थे। धोनी ने 90 टेस्ट में 4876 रन बनाये जिसमें छह शतक और 33 अर्धशतक शामिल हैं। पंत ने इस पारी के साथ ही 3000 टेस्ट रन भी पूरे किये। वह 44 टेस्ट में करीब 44 की औसत से 15 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। इस सूची में तीसरा नाम रिधिमान साहा का है जिन्होंने दो शतक लगाये हैं। सैयद किरमानी और फारूख इंजीनियर ने भी दो दो टेस्ट शतक लगाये हैं जबकि नयन मोंगिया के नाम एक टेस्ट शतक है।

## चोपड़ा ने वेबर को हराकर दो साल में पहला डायमंड लीग खिताब जीता

पेरिस : ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने यहां 90 मीटर की दूरी पार किए बिना ही जर्मनी के अपने कड़े प्रतिद्वंद्वी जूलियन वेबर को हराकर दो साल में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता। शुक्रवार देर रात संपन्न प्रतियोगिता में 27 वर्षीय चोपड़ा ने अपने पहले प्रयास में 88.16 मीटर की दूरी तय करके खिताब जीता। इस प्रतियोगिता में कई स्टार खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसने पांच ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो 90 मीटर की दूरी तय कर चुके हैं। चोपड़ा का दूसरा थ्रो 85.10 मीटर का था और इसके बाद उन्होंने अपने अगले तीन प्रयासों में फाउल किया। उन्होंने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 82.89 मीटर का थ्रो किया। वेबर 87.88 मीटर के अपने शुरुआती प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे। ब्राजील के लुईज़ मौरिसियो




दा सिल्वा ने 86.62 मीटर के अपने तीसरे प्रयास के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। लगातार दो ओलंपिक में स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने बाद में प्रसारणकर्ता से कहा, ''मैं अपने थ्रो से खुश हूं। आज मेरा रन अप बहुत तेज था। मैं अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख सकता, लेकिन मैं परिणाम और पहले स्थान पर रहकर खुश हूं।'' चोपड़ा ने डायमंड लीग में अपना आखिरी खिताब जून 2023 में लुसाने में 87.66 मीटर के थ्रो के साथ जीता था। उसके बाद वह डायमंड लीग की छह प्रतियोगिताओं में दूसरे स्थान पर रहे थे। हरियाणा के इस स्टार खिलाड़ी ने डायमंड लीग के पेरिस चरण में पहली बार जीत हासिल की। उन्होंने आखिरी बार 2017 में जूनियर विश्व चैंपियन के रूप में पेरिस डायमंड लीग में भाग लिया था और 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। चोपड़ा ने अपने आगामी कार्यक्रम के बारे में कहा, ''मैं चार दिन बाद 24 जून को ओस्ट्रावा (गोल्डन स्पाइक एथलेटिक मीट) में भाग लूंगा। इसलिए मुझे रिकवरी की जरूरत है।''

### भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में बेल्जियम से 1-5 से हारी

**एंटवर्प (बेल्जियम) :** भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग में लचर प्रदर्शन यहां शनिवार को भी जारी रहा जब टीम को बेल्जियम के खिलाफ 1-5 की करारी हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में यह भारतीय टीम की लगातार पांचवीं हार है। टीम ने इससे पहले लंदन में ऑस्ट्रेलिया और अर्जेन्टीना के खिलाफ दो-दो मैच गंवाए। शनिवार को दीपिका (छठे मिनट) ने भारत को बढ़त दिलाई लेकिन मध्यांतर के बाद बेल्जियम की टीम पूरी तरह हावी रही और हेलेन ब्रेसेर (37वें और 55वें), लूसी ब्रेन (41वें मिनट), एंब्रे बेलेंगहीन (54वें मिनट) और चार्लोट एंगलबर्ग (58वें मिनट) के गोल की बदौलत आसान जीत दर्ज करने में सफल रही।

## भारतीय महिला पहलवानों ने अंडर 23 एशियाई चैम्पियनशिप में टीम खिताब जीता

**वुंग ताऊ (वियतनाम) :** भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण और पांच रजत सहित सभी 10 वर्गों में एक-एक पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया। प्रियांशी प्रजापत (50 किग्रा), रीना (55 किग्रा), सृष्टि (68 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। भारत की पांच अन्य पहलवानों ने भी फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन आखिर में उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। नेहा शर्मा (57 किग्रा), तन्वी (59 किग्रा), प्रगति (62 किग्रा), शिक्षा (65 किग्रा) और ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) ने रजत पदक जीते जबकि हिनाबेन



खलीफा (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। ग्रीको-रोमन शैली में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि नितेश (97 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में विक्की ने 97 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि निखिल (61 किग्रा), सुजीत कलकल (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), चंद्रमोहन (79 किग्रा) और सचिन (92 किग्रा) भी स्वर्ण पदक के लिए अपना दांव लगाएंगे।

## मांडविया ने दिल्ली में 1500 प्रतिभागियों के साथ योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय युवा मामलों एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शनिवार को राजधानी में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया जब इंदिरा गांधी स्टेडियम में साइकिलिंग वेलोड्रोम में 1500 से अधिक उत्साही लोगों के साथ यो-गासन किया और अभिनेत्री रकुलप्रीत सिंह तथा जैकी भगनानी को 'फिट इंडिया आइकन' घोषित किया। डॉ. मांडविया आयुष मंत्रालय की राष्ट्रव्यापी योग संगम पहल के तहत आयोजित फिट इंडिया कल्ट योगाथन में 'माई भारत' मंच के 400 से अधिक स्वयंसेवकों सहित अन्य प्रतिभागियों के साथ शामिल हुए। इस कार्यक्रम की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थी। इस कार्यक्रम में ओलंपियन प्रियंका गोस्वामी और भारत की पूर्व हॉकी कप्तान रानी रामपाल जैसी खिलाड़ियों के साथ-साथ मशहूर हस्तियां मधुरिमा तुली, रकुलप्रीत और भगनानी भी मौजूद थे। मांडविया ने कहा, 'मैं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देता हूं। योग हमारी संस्कृति है और इसे हमारे दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिए।' उन्होंने कहा, ''योग दिवस को 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' की थीम के साथ योग संगम के हिस्से के रूप में पूरे देश में मनाया जा रहा है।' खेल मंत्री ने कहा, 'फिट इंडिया कल्ट योगाथन के माध्यम से खेल मंत्रालय भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है।

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम की लगातार सातवीं हार, बेल्जियम ने 6 . 3 से हराया

**एंटवर्प :** भारतीय टीम का एफआईएच पुरूष प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन जारी है और अब बेल्जियम ने उसे 6 . 3 से हराया जो उसकी लगातार सातवीं हार है। आर्थर वान डोरेन ने पहले ही मिनट में गोल करके दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम को बढत दिला दी। इसके बाद 28वें मिनट में अलेक्जेंडर हेंडरिक्स ने एक और गोल करके यह बढत 2 . 0 की कर दी। दिलप्रीत सिंह ने 36वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर भारत के लिये पहला गोल किया और 38वें मिनट में मनदीप सिंह के फील्ड गोल पर भारत ने बराबरी की। भारत का डिफेंस लेकिन चौथे और आखिरी क्वार्टर में चरमरा गया जब बेल्जियम के लिये रोमन डुवेकोट (49वां), थिब्यू स्टोकब्रोएक्स (53वां) और वान डोरेन (54वां) ने फील्ड गोल करके स्कोर 5 . 2 कर दिया। अमित रोहिदास ने 56वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर भारत के लिये तीसरा गोल किया लेकिन इसके तीन मिनट बाद टॉम बून ने बेल्जियम के लिये एक और गोल दागा। भारत को मैच में नौ और बेल्जियम को छह पेनल्टी कॉर्नर मिले। प्रो लीग के यूरोप चरण में अभी तक एक भी जीत नहीं मिलने के बाद भारत का अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिये सीधे क्वालीफाई करने का सपना टूट गया है।

### लीड्स टेस्ट : युवा भारतीय तिकड़ी ने स्वर्णिम पीढी के 22 साल पुराने प्रदर्शन की याद दिलाई

**लीड्स :** शुभमन गिल, ऋषभ पंत और यशस्वी जायसवाल ने पहले टेस्ट में शतक लगाकर बाईस साल पहले इसी हेडिंग्ले मैदान पर सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली और राहुल द्रविड़ की पारियों की याद दिला दी जिन्होंने शतक जमाकर इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ दी थी। उस समय तीन दिग्गजों ने भारत की शानदार जीत का मार्ग प्रशस्त किया था जबकि अगली पीढी की सितारा मौजूदा तिकड़ी ने भारत की पकड़ मजबूत कर दी है। यह इसलिये भी मायने रखता है कि भारतीय क्रिकेट अपने दो दिग्गजों रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद बदलाव के दौर से गुजर रहा है। उस समय 2002 में सचिन, सौरव और द्रविड़ के शतकों से भारत ने श्रृंखला ड्रॉ कराई थी और इसी से 'घर के शेर , बाहर ढेर' के ठप्पे के मिटने की भी शुरूआत हुई थी। भारत ने उस समय इंग्लैंड को एक पारी और 46 रन से हराया था। द्रविड़ ने 148, तेंदुलकर ने 193 और कप्तान गांगुली ने 128 रन बनाये थे जिसके दम पर भारत ने आठ विकेट पर 628 रन पर पारी घोषित की थी। संजय बांगड़ ने उस मैच में पारी की शुरूआत करते हुए 236 गेंद में 68 रन बनाये थे।

समाज्ञा व्यापार

# अप्रैल-जून में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 1.39 प्रतिशत घटकर 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा

**नयी दिल्ली :** चालू वित्त वर्ष (2025-26) में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 1.39 प्रतिशत घटकर 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। कर संग्रह में गिरावट और ज्यादा रिफंड के कारण अग्रिम कर संग्रह नरम रहा। आंकड़ों के अनुसार, एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान अग्रिम कर संग्रह मात्र 3.87 प्रतिशत बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये रहा। पिछले साल में तुलनात्मक अवधि में, अग्रिम कर संग्रह में 27 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई थी। कॉरपोरेट्स द्वारा चुकाया गया अग्रिम कर 5.86 प्रतिशत




की वृद्धि के साथ 1.22 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि व्यक्तियों, एचयूएफ और फर्मों सहित गैर-कॉरप-ोरेट द्वारा चुकाया गया कर 2.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 33,928 करोड़ रुपये रह गया। अग्रिम कर का भुगतान चार किस्तों - जून, सितंबर, दिसंबर और मार्च में में किया जाता है। चालू वित्त वर्ष में 19 जून तक रिफंड जारी करने की राशि 58 प्रतिशत बढ़कर 86,385 करोड़ रुपये हो गई। चालू वित्त वर्ष में अब तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 5.45 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि से 4.86 प्रतिशत अधिक है। कुल मिलाकर, शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान लगभग 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा, जो 2024 में इसी अवधि में एकत्र किए गए 4.65 लाख करोड़ रुपये से 1.39 प्रतिशत कम है।

### असम में गैस रिसाव को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई: ओएनजीसी

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने शनिवार को कहा कि उसने असम के कुएं में गैस रिसाव को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। यह रिसाव या प्राकृतिक गैस का अनियंत्रित प्रवाह - 12 जून को ओए-नजीसी के रुद्रसागर तेल क्षेत्र के बारीचुक में एक कुएं में हुआ था। एक निजी फर्म एसके पेट्रो सर्विसेज ओएनजीसी की ओर से कुएं का संचालन कर रही थी। ओए-नजीसी ने एक बयान में कहा कि उसने आरडीएस 147ए में अपने कुआं नियंत्रण कार्यों में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिससे गैस का प्रवाह दर काफी कम हो गई है। अमेरिका की सीयूडीडी प्रेशर कंट्रोल का अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ दल शुक्रवार को मौके पर पहुंचा और हालात का प्रारंभिक आकलन किया है।

## आईसीआईसीआई बैंक ने एचडीएफसी लिमिटेड के विलय से पहले अधिग्रहण की पेशकश की थी: पारेख

**नयी दिल्ली :** दिग्गज बैंकर और एचडीएफसी लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन दीपक पारेख ने कहा है कि आईसीआईसीआई बैंक ने एचडीएफसी लिमिटेड को अपने नियंत्रण में लेने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन इसे अस्वीकार कर दिया गया। एचडीएफसी बैंक की मूल इकाई एचडीएफसी लिमिटेड ने बाद में अपनी बैंकिंग अनुषंगी कंपनी के साथ विलय कर देश का सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का ऋणदाता बनाया। यह विलय एक जुलाई, 2023 से प्रभावी हुआ। रिवर्स विलय के साथ, 44 वर्षीय संस्था एचडीएफसी लिमिटेड पुरानी यादों में खो गई।

दिलचस्प बात यह है कि एचडीएफसी लिमिटेड के निर्माण में आईसीआईसीआई बैंक की मूल इकाई आईसीआईसीआई लिमिटेड ने वित्तीय सहायता दी थी। आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चंदा कोचर के साथ बातचीत के दौरान पारेख ने कहा, मुझे याद है कि आपने मुझसे एक बार बात की थी...आपने कहा था कि आईसीआईसीआई ने एचडीएफसी की शुरुआत की थी। आप घर वापस क्यों नहीं आते?, यह आपका प्रस्ताव था। इस बातचीत को यूट्यूब पर जारी किया गया। हालांकि, पारेख ने कहा कि उन्होंने इस प्रस्ताव



को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि यह हमारे नाम और बैंक और सभी के लिए उचित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि बाद में जुलाई, 2023 में एचडीएफसी बैंक के साथ वापस विलय मुख्य रूप से विनियामक दबाव से प्रेरित था। पारेख ने कहा, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हमारा समर्थन किया और उन्होंने हमें कुछ हद तक इसमें धकेला और उन्होंने हमारी मदद की... कोई रियायत नहीं, कोई राहत नहीं, कोई समय नहीं, कुछ भी नहीं लेकिन उन्होंने हमें प्रक्रिया से गुजरने और मंजूरी प्राप्त करने में मदद की। विलय को संस्थान के लिए अच्छा बताते हुए उन्होंने कहा कि देश के लिए बड़े बैंकों का होना अच्छा है।

### संसदीय समिति ने दालों, तिलहनों का आयात बढ़ने पर चिंता जताई, सरकार ने कहा बढ़ रहा है उत्पादन

**नयी दिल्ली :** सरकार ने एक संसदीय समिति को बताया कि पिछले 10 वर्षों में दालों और खाद्य तेलों का घरेलू उत्पादन एक दशक पहले की तुलना में अधिक गति से बढ़ा है। दूसरी ओर सांसदों ने मांग को पूरा करने के लिए आयात पर भारत की निर्भरता पर चिंता जताई है। कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी संसद की स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण में कहा गया कि 2023-24 में 156.6 लाख टन का आयात, खाद्य तेलों की घरेलू मांग का 56 प्रतिशत है। सूत्रों ने कहा कि कृषि मंत्रालय ने 20 जून की बैठक में इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए किए जा रहे कार्यों पर जोर दिया और कहा कि 2014-15 और 2024-25 के बीच तिलहन उत्पादन में 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। तीसरे अग्रिम अनुमान में पिछले वित्त वर्ष में तिलहन उत्पादन 426.09 लाख टन होने का अनुमान है। इस तरह 2004-05 और 2014-15 के बीच 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। सूत्रों ने कहा कि देश पाम तेल की मांग को पूरा करने के लिए लगभग पूरी तरह से आयात पर निर्भर है। कुछ सांसदों ने अपेक्षाकृत सस्ते खाद्य तेल से जुड़े स्वास्थ्य संबंधी खतरों का जिक्र किया। मंत्रालय ने कहा कि खाद्य तेल आयात पर भारत की भारी निर्भरता से सालाना 80,000 करोड़ रुपये से अधिक का भार पड़ रहा है।

### सरकार ने छतों पर सौर ऊर्जा स्थापना में तेजी लाने को स्टार्टअप कार्यक्रम शुरू किया

**नयी दिल्ली :** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने शनिवार को 2.3 करोड़ रुपये की स्टार्टअप नवाचार चुनौती शुरू करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य देश में छत वाले सौर पैनल की स्थापना और नवीकरणीय ऊर्जा स्वीकार्यता में तेजी लाना है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस नवाचार चुनौती का उद्देश्य भारत के छत वाले सौर और वितरित नवीकरणीय ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए सफल समाधानों की पहचान करना और उनका समर्थन करना है। इसे एमएनआरई के तत्वावधान में राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान के सहयोग से और स्टार्टअप इंडिया, डीपीआईआईटी के समन्वय से क्रियान्वित किया जा रहा है। बयान के अनुसार, नवीकरणीय ऊर्जा कार्यबल के लिए 'कौशल विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन' के दौरान रूफटॉप सोलर और वितरित अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों पर अभिनव परियोजना 'स्टार्ट-अप चैलेंज' का शुभारंभ किया गया। इस चुनौती के तहत भारत में नवप्रवर्तकों और स्टार्टअप्स से आवेदन मांगे गए हैं, जो अक्षय ऊर्जा अपनाने को बढ़ावा देने के लिए चार प्रमुख श्रेणियों- वहनीयता, लच-ीलापन, समावेशिता और पर्यावरणीय स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

SAC SHREE AGRASAIN COLLEGE
Gateway of Success...
Affiliated to University of Calcutta
4 Yr/ 3 Yr Degree Courses offered (under CCF) (Self Financed)
DIRECT ADMISSION 2025-26
Through College Portal
Morning Shift (Girls only)
B.A. (Hons.) English, History, Hindi (General) Education, Geography, Pol. Sc., English, History, Hindi
B.Com.
Day Shift (Co - Ed.)
B.Com. (Hons.) (General)
B.B.A. (Hons.)
B.Sc. (Hons.) Computer science, Computer Application
Fully AC
Scholarships for meritorious and needy students
Outdoor games (Cricket, Football, Badminton, Volleyball)
Career Oriented Add-On Courses
Placement Assistance
National Level Seminars, Workshops
Student friendly College
Of all the memories you make here, some you remember, some you forget. At the end, you get a new perception of life and build a solid foundation for the future.
-M. P. Shroff, Chairman
Direct Admission through College Portal
www.shreeagrasaincollege.net
For enquiry contact helpdesk
5/2A Height Road, Liluah How 711204
(Near Liluah Railway Station)
Follow Us
9804774641, 9830307369, 03326554916/17



वर्ष 10, पूर्णांक 3274 अंक 084, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in